# टीएनएफ टुडे

TNF TODAY

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | पृष्ठ- 10 | वर्ष-01 अंक-37 | मूल्य ₹7 | बुधवार | दिनांक- 05.08.2026


नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की तो होगी एफआईआर... (पेज-3)

## लव जिहाद में फंसी छात्रा ने दी जान

टीएनएफ टुडे, शमसाबाद।

■ फिरोजाबाद के फैजान ने राहुल बनकर की थी दोस्ती

थाना क्षेत्र में एक छात्रा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों ने फिरोजाबाद निवासी एक युवक पर लगातार फोन कर परेशान करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मानसिक तनाव के कारण छात्रा ने फर्टिलाइजर में इस्तेमाल होने वाली जहरीली दवा खा ली।

परिजनों के अनुसार, छात्रा की मुलाकात कुछ समय पहले अपनी सहेली की शादी में एक युवक से हुई थी। युवक ने अपना नाम 'राहुल' निवासी फिरोजाबाद बताया था। उसने इसी नाम से छात्रा से संपर्क बढ़ाया। बाद में पता चला कि उसका असली नाम फैजान है। आरोप है कि फैजान लगातार फोन कर छात्रा को परेशान करता था। इससे वह काफी समय से मानसिक तनाव में थी। इसी तनाव के चलते छात्रा ने घर में रखी फर्टिलाइजर में इस्तेमाल होने वाली जहरीली दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर शमसाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी सुरेंद्र राव ने बताया कि छात्रा की मौत के मामले में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सभी आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सावन की आफत और सुस्त प्रशासनिक तंत्र

### ब्रज-अलीगढ़ मंडल कब तक झेलेगा जलभराव का दंश?



टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन के महीने में आसमान से बरसती बूंदें जहां अमूमन उत्सव और उल्लास का प्रतीक होती हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के आगरा और अलीगढ़ मंडल के लिए ये 'आफत की बारिश' साबित हो रही हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी 'येलो अलर्ट' और पिछले 24 घंटों में अलीगढ़ में हुई 39.6 मिमी जैसी भारी बारिश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह होने वाली है। लेकिन सवाल यह उठता है कि हर साल आने वाली इस प्राकृतिक आपदा के सामने हमारा स्थानीय प्रशासनिक और निकाय तंत्र हमेशा बौना क्यों साबित होता है?

#### कागजी तैयारियां और जमीनी हकीकत

हर साल मानसून के आगमन से पहले नगर निगम और जिला प्रशासन 'कमर कसने' का दावा करते हैं। नालों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और पंपिंग सेटों की तैनाती के बड़े-बड़े आंकड़े पेश किए जाते हैं। परंतु, सावन की पहली ही जोरदार बौछार इन दावों की पोल खोल देती है। आगरा के निचले इलाके हों या अलीगढ़ के मुख्य बाजार, हर जगह सड़कें चंद घंटों में ही तालाब बन जाती हैं।

**किसानों पर दोहरी मार:** शुरूआत में बारिश से खुश हुआ किसान अब अपनी फसलों को पानी में गलता देख बेबस है।

**नौकरीपेशा वर्ग का शोषण:** जलभराव और अंतहीन ट्रैफिक जाम के कारण रोज दफ्तर जाने वाले कामकाजी लोगों का कीमती समय और ऊर्जा सड़कों पर ही नष्ट हो रही है।

#### जवाबदेही से बचते जिम्मेदार विभाग

यह स्थिति केवल प्राकृतिक प्रकोप नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता और अदूरदर्शिता का परिणाम है। जल निकासी की व्यवस्था दशकों पुरानी है, जो बढ़ते शहरीकरण का बोझ उठाने में पूरी तरह अक्षम है। जब तक ड्रेनेज सिस्टम का दीर्घकालिक और आधुनिक समाधान नहीं निकाला जाएगा, तब तक हर सावन में जनता यूं ही त्राहि-त्राहि करती रहेगी। आपदा प्रबंधन केवल कंट्रोल रूम के नंबर जारी करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि संकट के समय उसकी त्वरित प्रतिक्रिया जमीन पर दिखनी चाहिए।

#### समय रहते चेतने की आवश्यकता

यदि मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार पूरे सावन माह यही रुख रहा, तो महामारी और बुनियादी ढांचे के ढहने का खतरा बढ़ जाएगा। प्रशासन को केवल कागजी अलर्ट जारी करने के बजाय युद्धस्तर पर जल निकासी सुनिश्चित करनी होगी। जनता टैक्स देती है, प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की सजा भुगतने के लिए नहीं। समय आ गया है कि निकाय विभाग अपनी सुस्ती छोड़ें और वास्तविक धरातल पर काम करके दिखाएं, अन्यथा यह सावन आम जनजीवन को पूरी तरह तबाही के मुहाने पर लाकर खड़ा कर देगा।

## युवती की तलाश में दिल्ली पुलिस की दबिश

### ऑनर किलिंग की आशंका, पिता पर चंबल में डुबोने का आरोप

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

■ युवती के पांच माह की गर्भवती होने की चर्चा

दिल्ली में दर्ज एक युवती की गुमशुदगी के मामले की जांच करते हुए दिल्ली पुलिस मंगलवार को आगरा के बासौनी थाना क्षेत्र स्थित चंबल नदी के बीहड़ पहुंची। मामले में युवती के पिता पर अपनी ही पुत्री को चंबल नदी में डुबोकर हत्या करने का गंभीर आरोप है। पुलिस पूरे प्रकरण को प्रथम दृष्टया ऑनर किलिंग से जोड़कर जांच कर रही है। स्थानीय स्तर पर युवती के करीब पांच माह की गर्भवती होने की भी चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, खुशी (18 वर्ष) पुत्री लखपत सिंह, निवासी ग्राम लखनपुरा थाना बासौनी, अपने परिवार के साथ दिल्ली के तिगड़ी क्षेत्र में रहती थी। आरोप है कि 29 जुलाई की सुबह पिता लखपत सिंह अपनी पुत्री को दवा दिलाने के बहाने बासौनी क्षेत्र लेकर आया, जहां चंबल नदी में उसे डुबो दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी पिता ने घटना के फोटो और वीडियो भी अपने मोबाइल फोन से बनाए थे। जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। वहीं दूसरी ओर आरोपी ने दिल्ली के तिगड़ी थाने में अपनी पुत्री की गुमशुदगी भी दर्ज करा दी थी। लेकिन जांच आगे बढ़ने पर मामला संदिग्ध होने पर पुलिस का शक गहरा गया। जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने थाना बासौनी क्षेत्र के अंतर्गत गांव लखनपुरा में पहुंचकर छानबीन की तथा बासौनी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से चंबल नदी क्षेत्र में सर्च अभियान की तैयारी शुरू कर दी है। युवती के शव की तलाश के लिए पीएसी के गोताखोरों को भी बुलाया गया है, ताकि नदी में रेस्क्यू एवं सर्च ऑपरेशन चलाया जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी बासौनी मनोज कुमार पाल का कहना है कि दिल्ली में दर्ज युवती की लापता की गुमशुद के मामले में दिल्ली पुलिस जांच के लिए पिता के साथ चंबल के बीहड में आई है। बताया जा रहा है पिता ने ही युवती की हत्या की है।

### क्राइम कर विदेश भागने वालों के खिलाफ

## मोदी सरकार के बड़े प्रहार

### भारत सरकार ने 36 देशों में 'ऑपरेशन त्रिशूल' चलाकर 274 भगोड़ों को देश लाया वापस

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त मार्गदर्शन में भारत ने भगोड़े अपराधियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ दी है। वर्ष 2019 से 2026 के बीच दुनिया के 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को भारत वापस लाकर मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब अपराध करके विदेश भाग जाना सुरक्षित विकल्प नहीं रह गया है। आज भारत ने एक ऐसा एकीकृत, खुफिया आधारित और अत्याधुनिक तकनीक से लैस मॉडल विकसित किया है, जिसके माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने में छिपे अपराधियों का पता लगाकर उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया तेज और प्रभावी हुई है। हम आपको बता दें कि मोदी सरकार की रणनीति तीन मजबूत स्तंभों– वैश्विक अभियान, मजबूत समन्वय और स्मार्ट कूटनीति पर आधारित रही है।

गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि भगोड़े अपराधियों का मुद्दा केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और न्याय व्यवस्था से जुड़ा विषय है। इसी सोच के अनुरूप केंद्र सरकार ने लगातार कानूनी और संस्थागत सुधार किए हैं।

हम आपको याद दिला दें कि मोदी सरकार ने वर्ष 2019 में NIA संशोधन अधिनियम और UAPA संशोधन अधिनियम लागू किए, जबकि वर्ष 2024 में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों में पहली बार BNSS की धारा 355 और 356 के माध्यम से 'ट्रायल इन ऐब्सेन्शिया' का प्रावधान किया गया। अब कोई अपराधी विदेश में बैठकर भारतीय कानून का मजाक नहीं उड़ा सकेगा; उसकी अनुपस्थिति में भी मुकदमा चल सकेगा और न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इंटरपोल और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग को अभूतपूर्व स्तर तक मजबूत किया है। पिछले तीन वर्षों में 401 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए। वर्ष 2025 में लॉन्च किए गए भारतपोल ने 1,400 से अधिक केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर सूचना साझा करने की प्रक्रिया को कई सप्ताह से घटाकर महज 3 से 10 दिन तक सीमित कर दिया है।

साथ ही विदेशों में नाम और पहचान बदलकर छिपे अपराधियों को खोजने के लिए 'ऑपरेशन त्रिशूल' चलाया गया, जिसमें सैटेलाइट तकनीक, डिजिटल फुटप्रिंट, जियो-लोकेशन और प्रोफाइल मैपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। इससे यह साबित हुआ कि आधुनिक भारत की सुरक्षा एजेंसियों की पहुंच अब सीमाओं से कहीं आगे तक है।

इन्हीं सब प्रयासों के चलते वर्ष 2019 से 2026 के बीच भारत 36 देशों से 274 भगोड़े अपराधियों को वापस लाने में सफल रहा। इनमें आतंकवादी, गैंगस्टर, आर्थिक अपराधी, मादक पदार्थ तस्कर, हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो, साइबर अपराध, मानव तस्करी और संगठित अपराध से जुड़े आरोपी शामिल हैं। यह उपलब्धि भारत की बढ़ती वैश्विक साख, मजबूत कानूनी तैयारी और प्रभावी कूटनीति का प्रमाण है।

तहव्वुर हुसैन राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भी इस बात का उदाहरण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत अब आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोपियों को भी किसी कीमत पर नहीं छोड़ेगा।

#### किन मामलों के आरोपी लौटाए गए

केंद्र सरकार के मुताबिक 2019 से जुलाई 2026 तक भारत लाए गए 274 भगोड़ों में आर्थिक अपराध, आतंकवाद, संगठित अपराध, हत्या, डकैती, यौन अपराध, बच्चों के खिलाफ अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी और जाली नोट जैसे गंभीर मामलों के आरोपी शामिल हैं। इनमें 62 हत्या और हिंसक अपराध, 53 यौन अपराध, 42 संगठित अपराध, 17 आतंकी मामलों और 9 आर्थिक अपराधों के आरोपी बताए गए हैं।

#### तकनीक और कूटनीति से बदली तस्वीर

गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रत्यर्पण अनुरोध अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किए जा रहे हैं। सभी संबंधित देशों की कानूनी जरूरतों के हिसाब से दस्तावेज और लिखित आश्वासन दिए जा रहे हैं। साथ ही, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, प्रोफाइल-मैपिंग और आधुनिक तकनीक की मदद से उन भगोड़ों का भी पता लगाया गया जिन्होंने विदेश में अपनी पहचान तक बदल ली थी।

## कंगना रनौत केस में वादी पक्ष को झटका

### एमपी-एमएलए कोर्ट ने अदालत में तलब करने की याचिका ठुकराई

टीएनएफ टुडे, आगरा।



हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ किसानों के कथित अपमान और राजद्रोह से जुड़े मामले में स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने वादी की उस याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें कंगना रनौत को न्यायालय में तलब कर उनका बयान दर्ज कराने की मांग की गई थी। वादी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने कोर्ट के आदेश को लेकर सेशन कोर्ट में रिवीजन दाखिल करने की बात कही है।

अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने बताया कि स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए के न्यायाधीश अनुज कुमार सिंह ने पुलिस जांच रिपोर्ट को अधूरी बताते हुए दाखिल उनके प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। वादी के अनुसार, उन्होंने 6 जून 2026 को न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा था कि न्यायालय ने धारा 225 (1) के तहत थाना न्यू आगरा पुलिस को दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। वादी का आरोप है कि पुलिस ने उनके तथा गवाहों के बयान तो दर्ज कर लिए, लेकिन कंगना रनौत का बयान लेने के बजाय उनकी अधिवक्ता अनसूया चौधरी का बयान दर्ज कर जांच आख्या न्यायालय में प्रस्तुत कर दी है। जो विधिसम्मत नहीं है।

वादी का कहना है कि किसी अधिवक्ता को पक्षकार की ओर से बयान देने का अधिकार नहीं होता। अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल की पैरवी कर सकता है। स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए मामले में संज्ञान पर बहस के लिए 5 सितंबर 2026 की तिथि निर्धारित कर दी है। इसी मामले को स्पेशल कोर्ट ने 6 मई 2025 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सेशन कोर्ट में रिवीजन दायर किया था। तब सेशन कोर्ट ने रिवीजन स्वीकार करते हुए माना था कि पुलिस की जांच रिपोर्ट अधूरी है। अपने आदेश में सेशन कोर्ट ने कहा था कि जांच पूरी किए बिना सुनवाई नहीं की जा सकती। अवर न्यायालय को निर्देश दिया था कि पूरी प्रक्रिया पूरी कर विधि सम्मत आदेश पारित किया जाए। वादी का आरोप है कि इसके बावजूद स्पेशल कोर्ट ने सेशन कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी करते हुए उसी अधूरी जांच रिपोर्ट के आधार पर उनका प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान वादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुखबीर सिंह चौहान, राजवीर सिंह, प्रीति गुप्ता तथा बीएस फौजदार उपस्थित रहे। जबकि कंगना रनौत की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सुधा प्रधान ने पक्ष रखा।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद, सीएम योगी का विपक्ष पर करारा प्रहार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण पर बोलते हुए स्पष्ट किया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। कैमरों में दिखे संदिग्धों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसआईटी की जांच में कोई भी साधु संत दोषी नहीं मिला है। ऐसे में पूज्य संतों और ग्यारह सौ कर्मचारियों पर अनर्गल आरोप लगाना बहुत आश्चर्यजनक है। आरोप लगाने वाली सपा और कांग्रेस ने सदैव प्रभु राम का अपमान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के सांसदों द्वारा संसद में लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सनातन धर्म का अपमान हैं। इन दलों का इतिहास हमेशा से सनातन संस्कृति के विरोध का रहा है। इतिहास गवाह है कि एक समय में समाजवादी पार्टी की सरकार ने पवित्र सरयू नदी को रक्तरंजित करने का काम किया था।

## कबड्डी और जिम्नास्टिक में महिलाओं का दिखा दम





**आगरा।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेष के तत्वावधान में प्रदेशीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 6 अगस्त एवं महिला जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 5 अगस्त तक एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में होगा। प्रतियोगिता में कबड्डी खेल में कुल 18 मण्डल एवं छात्रावास की टीम सहित कुल 19 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिमनास्टिक में 11 मण्डल, स्पोर्ट्स कालेज एवं छात्रावास सहित कुल 13 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता पहले मैच में वाराणसी मण्डल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुएं अलीगढ़ की टीम को 29-13 से हराया। दूसरे मैच में गोरखपुर की टीम ने एकतरफा मुकाबले में बस्ती को 34-4 से पराजित किया। तीसरे मैच में मुरादाबाद मण्डल की टीम के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुएं देवीपाटन की टीम को 43-20 से शिकस्त दी। अगले मैच में कानपुर ने चित्रकूट धाम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24-20 से हराया। अलीगढ़ की टीम ने अयोध्या को 34-10 से परास्त किया। अगले मैच में आगरा मण्डल टीम ने आजमगढ़ को संघर्षपूर्ण मैच में 23-20 से हराया। प्रयागराज तथा लखनऊ के मध्य हुएं मुकाबले में लखनऊ की टीम ने प्रयागराज को 38-20 से हराया। बरेली एवं झाँसी के मध्य हुएं मैच में बरेली ने 33-22 से हराया। अगले मैच में आगरा छात्रावास की टीम ने एकतरफा हुएं मुकाबले में गोरखपुर की टीम को 42-09 से पराजित किया। मैचो में निर्णायकों की भूमिका सुनील श्रीवास्तव, मनीश दिवाकर, विनोद चौधरी, अष्वनी चौधरी, विक्रम, संजय, सत्यदेव, कन्हैया, पवन, जयप्रकाश, संतोश लोधी एवं विनीत सारस्वत ने निभाई। प्रतियोगिता विजय लक्ष्मी, सहायक प्रशिक्षिका की निर्देशन में आयोजित की गई।

वहीं, फ्लोर एक्सरसाइज ईवेण्ट में कुमारी श्रद्धा आगरा छात्रावास प्रथम, कल्पना आगरा छात्रावास द्वितीय एवं पूनम स्पो. का गोरखपुर तृतीय रहीं। टेबलवाल्ट ईवेण्ट में अनन्या गुप्ता आगरा मण्डल प्रथम, अंशिका आगरा छात्रावास द्वितीय एवं शिल्पी (गोरखपुर मण्डल)- तृतीय रहीं। मैचो के निर्णायक पूजा शर्मा, राजेश यादव, जावेद, रामप्रवेश दुबे, हिमांशु शर्मा, अभय कुमार, शिवम यादव एवं विकास यादव रहे।

### केजरीवाल ने पीएम आवास तक मार्च निकाला, पुलिस ने रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ई20 फ्यूल के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकला। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह समेत पार्टी के अन्य नेताओं को फिरोजशाह रोड पर ही रोक दिया। इसके बाद केजरीवाल सहित अन्य आप नेता फिरोजशाह रोड पर ही बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। आप ने करीब 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ यह मार्च निकाला था। पार्टी का दावा है कि उसने देशभर से 2.30 लाख से ज्यादा लोगों की याचिकाएं जुटाई हैं। मार्च के दौरान केजरीवाल ने कहा कि ई20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठियां लिखी हैं, जिन्हें वे खुद प्रधानमंत्री को सौंपना चाहते थे लेकिन हमें पुलिस ने रोक दिया। हमने सभी चिट्ठियां पुलिस के हाथों मोदी जी को भेज दी हैं। केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को मैसेज भेजा था। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि पीएम हमसे मिलेंगे।

## प्रगतिशील किसानों को लेजर लैंड लेवलर और सुपर सीडर का मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

- 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के 8वीं पास किसान योजना के पात्र, यंत्र धारकों को मिलेगी प्राथमिकता
- किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें खेती की नई व आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत योगी सरकार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें खेती की नई व आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा देना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए सरकार के निर्देश पर जनपद में प्रगतिशील किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के संचालन और रखरखाव पर एक विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इच्छुक किसानों से 10 अगस्त 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

#### आधुनिक कृषि यंत्रों के संचालन, उपयोग की मिलेगी जानकारी

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को लेजर लैंड लेवलर, सुपर सीडर और सीड ड्रिल कैलीब्रेशन जैसे आधुनिक और महंगे कृषि यंत्रों के सही संचालन, उपयोग और रखरखाव की तकनीकी जानकारी देना है। इन मशीनों के सही उपयोग से खेतों में सिंचाई के पानी की बचत होगी, बीजों की बुवाई अधिक वैज्ञानिक तरीके से हो सकेगी, जिससे अंततः खेती की लागत कम होगी और उत्पादन में भारी वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी।

#### चयन के लिए निर्धारित किए गए हैं ये पात्रता मानदंड

कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों या किसानों के चयन के लिए कुछ विशेष पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। आवेदन करने वाला अभ्यर्थी एक प्रगतिशील और खेती में नयापन लाने का इच्छुक किसान होना चाहिए। इसके साथ ही उसकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण या साक्षर होनी चाहिए, ताकि वह तकनीकी बातों को आसानी से समझ सके। आवेदक की आयु सीमा 25 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। इस प्रशिक्षण में उन किसानों को विशेष रूप से प्राथमिकता और वरीयता दी जाएगी, जिनके पास पहले से लेजर लैंड लेवलर, सुपर सीडर या सीड ड्रिल कैलीब्रेशन जैसे कृषि यंत्र उपलब्ध हैं।

#### तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार की यह योजना किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की एक बेहतरीन पहल है। हम चाहते हैं कि आगरा के किसान आधुनिक यंत्रों का सही और सुरक्षित इस्तेमाल सीखें ताकि वे खेती में अधिकतम लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि मेरा जनपद के सभी पात्र एवं इच्छुक किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और दिनांक 10 अगस्त 2026 तक उप कृषि निदेशक कार्यालय में अपना आवेदन अवश्य जमा करा दें।

तेज रफ्तार कार के विरोध पर हमला

# 40 हमलावरों ने घर में घुसकर पूर्व प्रधान और परिवार को पीटा

टीएनएफ टुडे, शमसाबाद।

थाना क्षेत्र के गढ़ी बेड़िया (नगला सूरजभान) गांव में तेज रफ्तार कार चलाने का विरोध करने पर ग्रामीणों पर हमला किया गया। इस हमले में पूर्व प्रधान सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि 40 से अधिक हमलावरों ने घरों में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की।

पीड़िता सुशीला देवी के अनुसार, देर रात पड़ोसी युवक गांव की संकरी गली में तेज रफ्तार से कार चला रहे थे। ग्रामीणों ने दुर्घटना की आशंका जताते हुए उन्हें धीमी गति से वाहन चलाने को कहा। इस बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद कार सवार युवक वहां से चले गए। कुछ देर बाद, वे युवक करीब 40 अन्य लोगों के साथ बाइक और अन्य वाहनों से वापस लौटे। उन्होंने गांव में धावा बोल दिया और सुशीला देवी व उनके पड़ोसियों के घरों में घुसकर लाठी-डंडों, रॉड और अन्य हथियारों से हमला किया।

इस हमले में पूर्व प्रधान बबलू (60), रोहित (39), रवि (51), बाली कुमार (30), विनय कुमार (26), सुशीला देवी (60), सत्यनारायण (65), पप्पू कुशवाहा (45) और सनी (44) गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के जुटने पर हमलावरों ने तीन राउंड फायरिंग कर दहशत फैलाई और भागते समय रवि के गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गांव खाली करने की धमकी देकर फरार हुए।

पीड़िता ने गढ़ कोठी होद निवासी मनजीत, हेमंत, बंटू, मुकेश, नितेश, महेश और आनंद सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ शमसाबाद थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 33 पूर्व सैनिकों ने ली समिति की सदस्यता

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।





तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव नौगवां स्थित पंजाब सिंह इन्टर कॉलेज में मंगलवार को भूतपूर्व सैनिक संगठन समिति की बैठक आयोजित की गई। देशभक्ति के उत्साह और जयघोष के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में 33 भूतपूर्व सैनिकों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद जितेंद्र सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित करने व पगड़ी पहनाकर उन्हें नमन करने के साथ हुई।

बैठक की अध्यक्षता कैप्टन सरनाम सिंह गुर्जर ने की, संचालन कैप्टन राजेश्वर सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों की निजी समस्याओं और प्रशासनिक स्तर पर उनके साथ होने वाली उत्पीड़न की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने कहा कि सैनिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत संगठन का होना आवश्यक है।

इसके साथ ही उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों और पदाधिकारियों ने हिंदुत्व और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन में शामिल हुए सभी 33 नए पूर्व सैनिकों का फूल-मालाओं और सम्मान के साथ स्वागत करते हुए सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक का समापन भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी उपस्थित रहे।

## श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में शुभम शर्मा का चयन



**पिनाहट।** क्षेत्र के ग्राम उटसाना निवासी किसान परिवार के होनहार युवक शुभम शर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल करते हुए एसएससी सीजीएल-2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर गृह मंत्रालय, भारत सरकार में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन प्राप्त किया है। उन्होंने 3 अगस्त को नई दिल्ली में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। शुभम शर्मा, किसान अशोक शर्मा के पुत्र हैं। उनकी माता शारदा देवी गृहिणी हैं। साधारण किसान परिवार से निकलकर केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित मंत्रालय में चयन होने से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुभम की इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लंबर, श्रीकांत सोनू पाठक, सियाराम शर्मा (पूर्व प्रधानाध्यापक), नत्थीलाल शर्मा पूर्व प्रधान, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, ओम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शुभम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। शुभम ने बताया कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## जलभराव के समाधान को डीएम से मिले सपाई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार सुबह जिलाधिकारी से मिला। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जलभराव एवं तालाबों के ओवरफ्लो होने से उत्पन्न गंभीर समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व फतेहाबाद विधानसभा में आयोजित जन पंचायत के दौरान उन्होंने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान पाया गया कि गांव झारपुरा, नगला मुकता, नगला जामुनी सहित अनेक गांवों में जलभराव की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। कई स्थानों पर गांवों के रास्ते पानी में डूबे हुए हैं, जिससे लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। तालाब पूरी तरह भर चुके हैं और ओवरफ्लो की स्थिति में हैं। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आगामी बारिश में तालाबों का पानी गांवों के घरों तक पहुंच सकता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से तत्काल प्रभाव से जल निकासी, तालाबों की सफाई एवं स्थायी समाधान कराने की मांग की। इस अवसर पर जिला महासचिव संतोष पाल बघेल, सपा नेता महेश सिसोदिया, राजेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पवन प्रजापति, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र जादौन, सतीश ठाकुर तथा कार्यालय प्रभारी सलमान खान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुमशुदा महिला पुलिस को मिली

**पिनाहट।** थाना मनसुखपुरा पुलिस एवं सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने अथक प्रयास करते हुए एक गुमशुदा मंदबुद्धि महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने आगरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की। जानकारी के अनुसार, 11 जुलाई को थाना मनसुखपुरा में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 जुलाई को वह अपनी पत्नी को पापरी नागर तिराहे पर पिनाहट जाने के लिए छोड़कर आया था, जिसके बाद वह लापता हो गई। काफी तलाश के बावजूद महिला का कोई सुराग नहीं लगने पर थाना मनसुखपुरा में गुमशुदगी दर्ज की गई। थाना मनसुखपुरा पुलिस एवं सर्विलांस सेल पूर्वी जोन ने लगातार प्रयास किए। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ तथा अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से 3 अगस्त को महिला को सकुशल बरामद कर लिया गया। महिला के सुरक्षित मिलने पर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# तय सीमा में ही डीजे बजाने पर सहमति



टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

**■ कांवड़ यात्रा से पहले डीजे संचालकों की बैठक**

आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सोमवार को कमर कस ली। थाना पिनाहट पर एसीपी पिनाहट अनिल कुमार और थाना प्रभारी बीपी गिरी की अध्यक्षता में क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए डीजे संचालकों को तय डेसीबल सीमा में ही साउंड बजाने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन न करने के लिए सभी से शपथ पत्र भी भरवाए गए और नोटिस जारी किए गए।

एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी वाहन पर डीजे ले जाने से पहले संबंधित थाने से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर वाहन सीज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने डीजे संचालकों से अपील की कि वे शासन-प्रशासन के नियमों का पालन करें और कांवड़ियों की आस्था का सम्मान करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के डीजे संचालक मौजूद रहे। पुलिस ने उन्हें यात्रा के रूट और समय का भी ध्यान रखने को कहा है।

किसानों के खातों में जल्द पहुंचेगी घनराशि

# एप्रोच मार्ग की भूमि का मुआवजा देने के लिए कैंप आयोजित

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

कस्बा से अम्बाह मार्ग पर चम्बल नदी पर निमार्णाधीन उच्च स्तरीय पुल एवं उसके एप्रोच मार्ग के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के भुगतान हेतु सोमवार को पिनाहट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विशेष कैंप आयोजित किया गया। कैंप में भूमि अधिग्रहण विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित किसानों के अभिलेखों का सत्यापन कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कराई।

अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति), आगरा द्वारा जारी नोटिस के अनुसार इस परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि की धारा-11 की अधिसूचना 3 जनवरी 2026 तथा धारा-19 की अधिसूचना 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित की गई थी। वहीं, नवीन भूमि अर्जन अधिनियम-2013 की धारा-23 के अंतर्गत 14 जुलाई 2026 को अवार्ड घोषित किया जा चुका है।अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुआवजे की धनराशि एक सप्ताह के भीतर उनके बैंक खातों में भेज दी जाएगी। इसके लिए किसानों से पासपोर्ट आकार के फोटो, राजस्व टिकट एवं स्वामित्व संबंधी अभिलेख (खतौनी) जमा कराए गए।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जो किसान निर्धारित समय पर भुगतान की औपचारिकताएं पूरी नहीं करेंगे, उनकी प्रतिकर राशि नियमानुसार न्यायालय में जमा करा दी जाएगी। इसलिए सभी प्रभावित किसानों से समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर भुगतान प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की गई। वही इस मामले में जे ई मुकेश कुमार का कहना है कि लगभग 65 किसानों के दस्तावेज पूरे होने के बाद प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शेष बचे हुए किसानों को आगरा आना होगा।

# बारिश और जलभराव से मकान ढहा, परिवार बाल-बाल बचा, गांव में जलनिकासी की मांग

टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।

लगातार हो रही बारिश और जलभराव के कारण ग्राम पंचायत नगला दलेल में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव निवासी रामनरेश जादौन का मकान अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय मकान में परिवार के सभी सदस्य और बच्चे मौजूद थे, लेकिन सभी सुरक्षित बाहर निकल आए।

परिजनों का कहना है कि मकान के पास स्थित तालाब बारिश के कारण पूरी तरह भर गया है। इससे पानी का दबाव बढ़ने और लगातार सीलन आने के कारण मकान कमजोर हो गया था। आखिरकार मंगलवार को मकान ढह गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में पहले भी प्रशासन और उपजिलाधिकारी को शिकायत देकर जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो अन्य मकान भी खतरे की जद में आ सकते हैं और भविष्य में बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा गांव की जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

## नगर पालिका परिषदः चपरासी ने नशे में किया हंगामा

**अछनेरा।** नगर पालिका परिषद अछनेरा में मंगलवार को ड्यूटी के दौरान एक चपरासी द्वारा कथित रूप से शराब के नशे में हंगामा करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका में कार्यरत चपरासी देवेंद्र ने नशे की हालत में कार्यालय परिसर में जमकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की। चर्चा यह भी है कि उसने अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर संबंधित कर्मचारी ने माफी मांगी। इसके बाद पुलिस ने उसे चेतावनी देते हुए फिलहाल छोड़ दिया। बताया गया कि भविष्य में इस प्रकार की हरकत दोबारा होने पर उसके विरुद्ध सख्त कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## यमुना में कूदी महिला का शव 4 किलोमीटर दूर मिला

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव ईधौंन में सोमवार सुबह सास से कहासुनी होने के बाद यमुना नदी में कूदी महिला का 24 घंटे बाद गांव से 4 किलोमीटर दूर यमुना नदी में शव उतराता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईधौंन निवासी कुमकुम (22 वर्ष) पत्नी रवि का सोमवार को अपनी सास से कहासुनी हो गई थी इसके बाद वह गुस्से में गांव से आधा किलोमीटर दूर यमुना नदी में कूद गई थी। जिसकी जानकारी होने पर मायका पक्ष के लोगों ने दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था जहां सोमवार देर शाम तक पीएसी के गोताखोरों ने स्टीमर की मदद से यमुना नदी में महिला की खोजबीन की गई थी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा था। मंगलवार सुबह 9:00 बजे के करीब गांव से 4 किलोमीटर दूर जिला फिरोजाबाद के गांव मालीपट्टी के पास कुमकुम का शव यमुना नदी में उतराता हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया।

'पैसे दो तभी रिपोर्ट लगेगी'

# जोई पर 15 हजार रिश्वत मांगने का आरोप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

**■ धीमश्री उपकेंद्र के हिमायूंपुर फीडर का मामला**
**■ 20 दिन से लटका रखा है घरेलू कनेक्शन**

विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ब्लॉक शमशाबाद अंतर्गत उपकेंद्र धीमश्री के हिमायूंपुर फीडर क्षेत्र में घरेलू कनेक्शन के नाम पर जेई द्वारा रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगा है।

ग्राम टूला तिवरिया निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने नवीन घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए 20 दिन पहले आवेदन और निर्धारित शुल्क जमा किया था। नियम अनुसार जेई को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट लगानी थी, लेकिन धीमश्री उपकेंद्र के जेई विपिन कुमार द्वारा अभी तक रिपोर्ट नहीं लगाई गई है।

पीड़ित का गंभीर आरोप है कि जेई विपिन कुमार ने रिपोर्ट लगाने के बदले 15,000 रुपये की मांग की है। पैसा न देने पर जानबूझकर फाइल को लटकाया जा रहा है। कई बार कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ओमप्रकाश ने कहा ₹बिना रिश्वत दिए गरीब आदमी का कनेक्शन नहीं हो सकता। हम अंधेरे में रहने को मजबूर हैं और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।₹

उपभोक्ता ने मामले की शिकायत एक्सईएन, विद्युत वितरण खण्ड शमसाबाद और उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। साथ ही 1912 हेल्पलाइन और वढ ऊर्जा मित्र ऐप पर भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी है। फिलहाल इस पूरे मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है

## दहेज हत्या में वांछित सुसर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित ससुर को घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि वादी ने 8 जुलाई को तहरीर देकर बताया था कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या की थी। जिस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मंलगवार को वांछित ससुर राजन सिंह पुत्र बेताल सिंह निवासी धारापुरा को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# फर्जी बैनामा कर लाखों हड़पने वाला शातिर गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन बेचने और लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में थाना बमरौली कटारा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी बैनामा कर रुपये ऐंठने के आरोपी को रिंग रोड रमाडा कट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक थार गाड़ी और मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

थानाध्यक्ष बमरौली कटारा ने बताया कि पीड़िता ने विगत 28 जुलाई को थाने में तहरीर दी थी कि 23 अप्रैल को जोगेंद्र पुत्र मोहर सिंह, पूजा पुत्री मोहर सिंह , चरनसिंह पुत्र मोहर सिंह बीटू उर्फ बिहारी, राधेश्याम पुत्र श्योप्रसाद आदि लोगों द्वारा साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे एक प्लाट का फर्जी बैनामा कर दिया था। इसके बदले में उससे 4,44,280 रुपये वसूल लिए गए। जब पीड़िता कब्जे के लिए पहुंची तो असली भू-स्वामी के विरोध पर ठगी का पता चला। पैसे मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मना कर दिया। घटना के संबंध में थाना बमरौली कटारा में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि आरोपी बीटू यादव उर्फ देवकीनंदन, बिहारी पुत्र पोहप सिंह निवासी ग्राम समोगर थाना बमरौली कटारा को मंगलवार को रिंग रोड रमाडा कट से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, थार गाड़ी बरामद हुई। थार गाड़ी को सीज किया गया है। वहीं आरोपी को जेल भेजा गया है।

## इमरजेंसी कक्ष और लेबर रूम का होगा विकास

**फतेहाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिले इसके लेकर जिलाधिकारी आगरा के द्वारा सीएचसी का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दौरा किया गया। आपको बताते चलें कि जिलाधिकारी आगरा मनीष बंसल के द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने को लेकर फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी कक्ष तथा प्रसव कक्ष व वेटिंग एरिया सहित सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाना है। इसके निरीक्षण के लिए मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी आगरा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा अरुण कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। जहां उनके द्वारा जगह तथा बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया। क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद की बिल्डिंग लगभग 30 साल पुरानी है जिसमें आधुनिक सुविधाओं के हिसाब से पर्याप्त जगह नहीं है जहां मरीजों की संख्या अधिक रहती है ऐसे में उनके बैठने तथा चिकित्सकीय कार्य के लिए जगह कम पड़ती है इसी को लेकर यहां पर इमरजेंसी कक्ष, प्रसव कक्ष तथा वेटिंग एरिया व शौचालय बनाए जाने का प्रस्ताव आया है। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद डॉक्टर अभिषेक चौहान से बात करने पर बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी कक्ष, प्रसव कक्ष, वेटिंग एरिया तथा शौचालय निर्माण होना है जिसको लेकर निरीक्षण किया गया है।

## मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित

**आगरा।** लघु सभागार में मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में मंगलवार को मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जुलाई माह तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मण्डल के चारों जिलों में मथुरा में कम प्रगति रही। ओडीओपी वित्त पोषण सहायता योजना में मथुरा और फिरोजाबाद लक्ष्य प्रगति से पीछे रहे। आयुक्त ने प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में चारों जिलों में आवेदन स्वीकृति और वितरण प्रतिशत की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। एमओयू प्रस्तावित निवेश उपलब्धि के संबंध में अवगत कराया गया कि लगभग 524 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हैं, जिसमें लगभग 388 ईकाइयां क्रियाशील हो चुकी हैं। औद्योगिक क्षेत्र सिकंदरा में ही पूर्व निर्मित स्टोर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम में जल निकासी की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। स्थल पर आरसीसी नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं वषार्काल में जल भराव से आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु ड्रेनेज की साफ-सफाई की गयी है। फाउण्ड्री नगर, औद्योगिक क्षेत्र में पार्क सौन्दर्यीकरण एवं फुटपाथ निर्माण कार्य आगणन तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन में प्रेषित किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र नुनिहाई में जल निकासी की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भूमिगत ह्यूम पाइप डालने हेतु कार्य योजना स्वीकृति हेतु मुख्यालय भेजी गयी है।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश

# सीडीओ ने किया सीएचसी फतेहाबाद का निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा इकाइयों की व्यवस्थाओं तथा भवन की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आकस्मिक सेवाओं, प्रसव पश्चात वार्ड, सामान्य वार्ड, कोविड वार्ड, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थियेटर एवं एक्स-रे कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी वार्डों एवं चिकित्सा इकाइयों में साफ-सफाई बनाए रखने, आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने तथा मरीजों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में विभिन्न कमियां भी संज्ञान में आईं। भवन के प्रवेश द्वार के निकट प्रसव कक्ष स्थित होने, ऑपरेशन थियेटर के फर्श एवं दीवारों पर टाइल्स न होने, प्रथम तल पर सीपेज के कारण दीवारों के खराब होने तथा द्वितीय तल के कुछ कमरों में पीछे स्थित पेड़ों की जड़ों के भवन में प्रवेश करने की स्थिति पाई गई। मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पत्थर की बेंच एवं आवश्यक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के समीप स्थित गड्ढे वाले स्थान को विकसित कर हर्बल गार्डन तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. अरुण श्रीवास्तव, कुलदीप भारद्वाज, डॉ. अभिषेक चौहान आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने की जलभराव की शिकायतें

विकास खण्ड फतेहाबाद की ग्राम पंचायत धिमश्री के उपग्राम नगलामुक्ता, बाँसवले एवं झारपुरा में जल भराव की समस्या का मौके पर जाकर मुख्य विकास अधिकारी आगरा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गांव में जल भराव की स्थिति पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तथा गांव में जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान न कराने एवं पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने के लिए सहायक विकास अधिकारी (पं०) फतेहाबाद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। खण्ड विकास अधिकारी फतेहाबाद को गांव की समस्या का स्थाई समाधान कराते हुए एक सप्ताह में अवगत कराने के निर्देश दिए गये।

## लगातार बारिश से जनजीवनबेपटरी

**खेरागढ़।** सोमवार देर रात शुरू हुई बारिश मंगलवार को भी पूरे दिन रुक-रुक कर जारी रही। लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। सड़कों पर पानी भरने और कीचड़ होने से लोगों की आवाजाही कम रही। अधिकांश लोग जरूरी काम न होने पर घरों में ही रहे।बारिश का असर स्थानीय बाजारों पर भी साफ दिखाई दिया। सामान्य दिनों की तुलना में बाजारों में ग्राहकों की संख्या काफी कम रही और अधिकांश समय सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार भी पूरे दिन ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए।सबसे अधिक परेशानी पशुपालकों को उठानी पड़ी। लगातार बारिश के कारण हरे चारे की व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे पशुओं के लिए चारा जुटाना चुनौती बन गया। खेतों और चारागाहों में जलभराव होने से पशुपालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश की संभावना बनी हुई है।

## शिव-सती विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

**आगरा।** प्रतापपुरा स्थित पं. रतिराम शिव एवं दुर्गा मंदिर में श्रावण माह के पावन अवसर पर चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहा। कथा व्यास श्रद्धेय पं. लोकेश कृष्ण शास्त्री जी ने भगवान शिव एवं माता सती के पावन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को शिव-सती विवाह और माता सती के देह त्याग की कथा सुनाई। कथा व्यास ने बताया कि नारद जी के पूछने पर ब्रह्मा जी ने भगवान शिव और माता सती के विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार माता सती और भगवान शिव का दिव्य विवाह संपन्न हुआ, तथा इसके बाद दक्ष प्रजापति के यज्ञ में हुए प्रसंग के कारण माता सती ने अपने देह को अग्नि को समर्पित कर दिया। कथा के प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे, और पूरा कथा पंडाल हर-हर महादेव और जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा।

# नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की तो होगी एफआईआर

## कलेक्ट्रेट सभागार मेंखनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद एवं तहसील स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग तथा प्रवर्तन कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, टेम्परर्ड नंबर प्लेट, नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने अथवा नंबर प्लेट को ढककर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। ऐसे मामलों में आवश्यकतानुसार एफआईआर दर्ज कराते हुए वाहनों को सीज करने, चालान एवं जुमार्ने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने जनपद में यमुना एवं चंबल नदी क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर बालू, पत्थर एवं मिट्टी के अवैध खनन पर कठोर कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि बिना वैध परमिट अथवा पट्टे के खनन पूर्णतः गैरकानूनी है। अवैध खनन तथा अवैध परिवहन में संलिप्तों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला खनन अधिकारी मिथलेश पांडेय द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन, ड्रोन सर्वे, प्रवर्तन कार्रवाई, विभागीय समन्वय एवं पर्यावरणीय मानकों के संबंध में बताया गया।बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हेमंत कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, जिला खनन अधिकारी मिथलेश पांडेय, डीएफओ राजेश कुमार सहित संबंधित समस्त एसीपी, एसडीएम मौजूद रहे।

# सहेली बुर्ज पर एएसआई कर्मी की तबीयत बिगड़ी, मौत

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजमहल परिसर में ड्यूटी के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के कर्मचारी की मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 56 वर्षीय एएसआई कर्मी कैलाशी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राधानगर सिकंदरा क्षेत्र के निवासी मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद पर तैनात कैलाशी मंगलवार की सुबह करीब सवा दस बजे साइकिल से ताजमहल पहुंचे थे। पश्चिमी गेट पर स्थित सहेली बुर्ज के सामने वह अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से शांति मांगलिक अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उनकी मृत्यु का कारण पता चल सकेगा। परिजनों ने इलाज और व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया है।

## सुरक्षा औरसम्मान आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने मंगलवार को नवीन सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई की।महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट अमित शुक्ला व जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल सोनी ने अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक में प्राप्त 81 शिकायतों में 21 विभिन्न राज्यों व जनपदों तथा दिल्ली, अलीगढ़, फिरोजाबाद आदि के थीं।अध्यक्ष ने संबंधित को रिमाइंडर देने, व्यक्तिगत संपर्क कर प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, समस्या समाधान कर एक सप्ताह में रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोग की अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा की तथा कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं में महिलाओं के स्व रोजगार प्रशिक्षण की जानकारी तलब की। उन्होंने कौशल विकास योजनाओं का प्रभावी प्रचार प्रसार कर महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़कों एवं बस टर्मिनलों पर प्रवर्तन टीमों द्वारा बच्चों की तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य से प्रभावी जांच की जाए तथा जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक स्थान उपलब्ध कराया जाए। बैठक में एआरटीओ प्रवर्तन आलोक अग्रवाल ने बताया कि उक्त के अनुपालन में सभी प्रमुख सड़क मार्गों एवं बस टर्मिनलों पर नियमित प्रवर्तन जांच में इस विंदु को भी शामिल कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधकउत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से समन्वय कर जन जागरूकता की जाएगी।जनसुनवाई में कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। जिन पर संबंधित को प्रभावी कार्यवाही कर निस्तारण की आख्या उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। जनसुनवाई में अधिकांश मामले घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, गुजारा भत्ता व पेंशन के रहे।

आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पीड़ित महिलाओं को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अमित शुक्ला, एसीपी प्रीता, एआरटीओ आलोक अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति, जिला कौशल प्रबंधक अमित धाकरे, सहायक श्रमायुक्त शगुन,सहायक नगरायुक्त, संगीता सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आगरा कैंट स्टेशन पर ट्रेन में गूंजी किलकारी

## रेलवे की तत्परता से मां एवं शिशु को मिला सुरक्षित उपचार

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारतीय रेलवे की सजगता, तत्परता एवं मानवीय सेवा का एक सराहनीय उदाहरण आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर उस समय देखने को मिला, जब चलती ट्रेन में एक गर्भवती महिला यात्री ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

फरुर्खाबाद निवासी महिला यात्री साबरमतीझआगरा एक्सप्रेस में अपने परिवार के साथ यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उन्हें प्रसव पीड़ा हुई। जानकारीहोनेपरत्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कोच में कार्यरत टिकट जांच कर्मचारी (टीटीई) को महिला यात्री की सहायता हेतु भेजा गया। आगरा छावनी स्टेशन पर उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) को मेडिकल टीम के साथ ट्रेन को अटेंड करने हेतु तत्काल सूचना उपलब्ध कराई गई।

ट्रेन के आगरा कैंट स्टेशन पहुंचते ही रेलवे चिकित्सक डॉ. अवंतिका सिन्हा एवं स्टाफ नर्स सिमरन शर्मा ने प्लेटफॉर्म संख्या 05 पर महिला एवं नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्राथमिक उपचार प्रदान कर महिला एवं नवजात को आगे की समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एंबुलेंस द्वारा रेलवे अस्पताल भेजा गया। महिला के पति ने समय पर उपलब्ध कराई गई चिकित्सीय सहायता, संवेदनशीलता एवं सहयोग के लिए रेलवे प्रशासन, चिकित्सकीय दल, टिकट जांच कर्मचारी तथा संबंधित सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रो. विजय श्रीवास्तव को 'सर्वोत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड'

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के शिवाजी मंडप में आयोजित समारोह में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं विद्वान प्रो. विजय श्रीवास्तव को शिक्षा, शोध एवं शैक्षणिक नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ₹सर्वोत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड₹ से सम्मानित किया।

भारतीय संस्कृति, दर्शन, संस्कृत भाषा एवं साहित्य के विद्वान प्रो. विजय श्रीवास्तव ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से परास्नातक शिक्षा प्राप्त की तथा सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि डी.लिट्. अर्जित की है। वर्तमान में वे एनएएसी (3.57) प्रत्यायित आरबीएस कॉलेज, आगरा में आयोग द्वारा चयनित प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। प्रो. श्रीवास्तव भारत सरकार की परियोजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, आगरा एवं एटा के निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उन्होंने अनेक पुस्तकों का लेखन एवं संपादन किया है तथा अनेक शोधार्थियों का पीएच.डी. शोध निर्देशन किया है। वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की कार्य परिषद के सदस्य भी हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में आमंत्रित वक्ता एवं अध्यक्ष के रूप में अपनी विद्वत्ता का परिचय दे चुके हैं।

सामाजिक एवं वैचारिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। वर्ष 2017 तक वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला प्रमुख (सुल्तानपुर) रहे। वर्तमान में वे प्रज्ञा प्रवाह, ब्रज प्रांत में संयोजक (विमर्श) के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही वे पिछले तीन वर्षों से भारत स्काउट एवं गाइड में जिला आयुक्त (रोवर) के रूप में युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं।

राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया ₹सर्वोत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड₹ शिक्षा जगत में प्रो. विजय श्रीवास्तव के उल्लेखनीय योगदान का सम्मान है।

इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत 45 बच्चों को बचाया

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आगरा एस. रामकृष्णन के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'नन्हे फरिश्ते' नामक एक ऑपरेशन में अग्रणी रहा है।यह एक मिशन जो विभिन्न भारतीय रेलवे जोनों में पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए समर्पित है।नन्हे फरिश्ते' सिर्फ एक ऑपरेशन से कहीं अधिक है।यह उन हजारों बच्चों के लिए एक जीवन रेखा है, जो खुद को अनिश्चित परिस्थितियों में पाते हैं। आगरा मंडल आरपीएफ ने माह अप्रैल से जुलाई - 2026 तक 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत कुल 45 पीड़ित बच्चों को बचाया, जिनमें 22 लड़के और 23 लड़कियां शामिल हैं। आरपीएफ ने अपने प्रयासों सेन केवल बच्चों को बचाया। बल्कि घर से भागे हुए और लापता बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है। आरपीएफ का ऑपरेशन का दायरा लगातार बढ़ रहा है। ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर बच्चों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहती है।



## आलू किसानों के लिए मांगा कोल्ड भाड़ा अनुदान

**आगरा।** किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से मुलाकात की। ज्ञापन देकर आर्थिक संकट से जूज रहे आलू किसानों के लिए 250 रुपए प्रति कुंतल कोल्ड भाड़ा अनुदान दिए जाने और आलू निर्यात नीति को बढ़ावा देने की मांग की। किसान नेता कहा कि आगरा, अलीगढ़ मंडल सहित उत्तर प्रदेश में आलू के भाव काफी गिर चुके हैं। किसानों की उत्पादन लागत भी डूब गईहै।प्रदेश का आलू उत्पादक किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज का भाड़ा किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया है कि आलू किसानों को लेकर सरकार गंभीर है। जल्द ही आलू किसानों को राहत मिलेगी। मोहन सिंह चाहर के साथ भारतीय किसान संघ के धर्मेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष रामेश्वर सिंह, भोलूउपस्तिथि रहे।

## यात्री संख्या एवं यात्री आय में बढ़ोतरी दर्ज

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के दिशा–निर्देश में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकअंकित गुप्ता के नेतृत्व में उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल ने जुलाई 2026 में यात्री परिवहन एवं वाणिज्यिक आय के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। मंडल द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा यात्री सेवाओं में निरंतर सुधार के परिणामस्वरूप यात्री संख्या, यात्री आय, अन्य कोचिंग आय तथा संड्री आय में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। जुलाई– 2026 में आगरा मंडल से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 36 लाख रही, जो पिछले वर्ष जुलाई माह के 31 लाख यात्रियों की तुलना में लगभग 16.14 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि यात्रियों के रेल सेवाओं के प्रति बढ़ते विश्वास और मंडल द्वारा प्रदान की जा रही बेहतर सुविधाओं का परिणाम है। आगरा मंडल ने जुलाई–2026 के दौरान विभिन्न वाणिज्यिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए ?109.06 करोड़ की कुल वाणिज्यिक आय अर्जित की। जन संपर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया कि आगरा मंडल द्वारा यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।स्टेशन सुविधाओं के उन्नयन, बेहतर यात्री प्रबंधन तथा ग्राहक–केंद्रित पहलों के परिणामस्वरूप मंडल ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है।

## मत्स्य विभाग में ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त तक

**आगरा।** सहायक निदेशक मत्स्य प्रीति मौर्या ने अवगत कराया है कि निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल खोला गया है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइस बॉक्स तथा माता सुकृता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना के तहत श्रेणी–1, 2 एवं 3 के जलाशय वाले जनपदों में केज स्थापना, अन्तर्देशीय खारे जल क्षेत्रों में मत्स्यिकी के विकास हेतु नए तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश, उत्तर प्रदेश में मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी की स्थापना शामिल हैं।उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने के उद्देश्य से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्तसे बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी गई है।पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत रहे आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

**आगरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3, लखनऊ तथा निदेशालय, समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09–10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 11–12) के अंतर्गत समस्त वर्गों के छात्र–छात्राओं के लिए समय–सारिणी निर्धारित कर दी गई है। विद्यालय अपने छात्रवृत्ति पोर्टल पर 5 अगस्त तक मास्टर डाटा तैयार करेंगे। इसके उपरांत विद्यालय अपनी मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल का सत्यापन 9 अगस्त तक जिला विद्यालय निरीक्षक से कराते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्र–छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन 31 सितंबर तक किए जाएंगे। छात्र–छात्राओं को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र का फाइनल सबमिट 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित विद्यालय में 5 अक्तूबर तक जमा कराना अनिवार्य होगा।

# ट्रेन के ठहराव के लिए रेलमंत्री से आग्रह

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अवागढ़ रेलवे स्टेशन पर आगरा फोर्टझएटा पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने रेल मंत्री से भेंट की। नई दिल्ली में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर बरहनझएटा रेल लाइन पर स्थित अवागढ़ रेलवे स्टेशन पर आगरा फोर्टझएटा पैसेंजर/एटाझआगरा फोर्ट पैसेंजर के नियमित ठहराव की मांग करते हुए उन्हें एक आग्रह-पत्र सौंपा। प्रो. बघेल ने बताया कि अवागढ़ रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, किसान, व्यापारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक आगरा और एटा सहित विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हैं। वर्तमान में उक्त ट्रेन का अवागढ़ स्टेशन पर ठहराव न होने से स्थानीय नागरिकों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें अन्य दूरस्थ रेलवे स्टेशनों से ट्रेन पकड़नी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि अवागढ़ एक महत्वपूर्ण कस्बा, ब्लॉक , थाना एवं नगर पंचायत है। ऐसे में यहां ट्रेन का ठहराव होने से न केवल अवागढ़ बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार एवं व्यापार के लिए प्रतिदिन आगरा और एटा आने-जाने वाले लोगों की यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने रेल मंत्री से जनहित एवं यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवागढ़ रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन के नियमित ठहराव हेतु आवश्यक कार्रवाई कराने का आग्रह किया।

इस पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विषय पर सकारात्मक विचार कर रेलवे के संबंधित अधिकारियों से नियमानुसार परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## किसानों को मिलेगा कृषि यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण

**आगरा।** उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने जनपद के समस्त किसानों को सूचित किया है कि निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमान खेडा लखनऊ के द्वारा लेजर लेण्ड लेवलर, सुपर सीडर एवं सीड ड्रिल कैलीब्रेशन के संचालन, उपयोग एवं रख रखाव सम्बन्धी विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए आगरा के किसान अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। अभ्यर्थी कम से कम कक्षा आठ उत्तीर्ण होना चाहिये।

आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिये। इच्छुक किसान 10 आगस्त तक उप कृषि निदेशक कार्यालय में वरिष्ठ सहायक उदयवीर सिंह को अपना आवदेन जमा करा सकते हैं।

## ₹आगरा मूव्स बेटर-2026₹ अभियान शुरू

# पुलिस कर्मियों की फिटनेस और स्वास्थ्य को समर्पित

टीएनएफ टुडे, आगरा।





स्वस्थ प्रहरी,सशक्त पुलिस, सुरक्षित समाज₹ के संकल्प के साथ, पुलिस कमिश्नर आगरा दीपक कुमार के कुशल निर्देशन में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में मंगलवार को अपर पुलिस आयुक्त द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त सदर/लाइंस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ₹आगरा मूव्स बेटर-2026₹ अभियान का औपचारिक शुभारम्भ किया गया।

सीपीआर और वर्कप्लेस एर्गोनॉमिक्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण अभियान के पहले दिन जिला चिकित्सालय एवं पुलिस अस्पताल, आगरा के चिकित्सा विशेषज्ञों और उनकी टीम द्वारा विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने दो मुख्य विषयों पर विस्तृत व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए सीपीआर देने की सही तकनीक सिखाई गई।लंबी ड्यूटी के दौरान सही कार्य-मुद्राबनाए रखने, शारीरिक फिटनेस सुधारने तथा गर्दन, कमर एवं घुटनों के दर्द से बचाव के उपाय बताए गए। इसके साथ ही, कार्यस्थल पर किए जा सकने वाले सरल स्ट्रेचिंग अभ्यासों का भी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति निरंतर सजग रहने तथा एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। यह अभियान पुलिस बल के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पुलिसकर्मी पूरी ऊर्जा और मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर सकें।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# भारतीयों का चौंकाने वाला सच!

भारतीयों ने शिकायत की कि चीन के सोशल मीडिया मंचों पर भारत, भारतीय संस्कृति और भारतीय खान-पान को लेकर अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री तेजी से बढ़ रही है। उनका कहना था कि यह केवल ऑनलाइन ट्रोलिंग का मामला नहीं है, बल्कि इससे चीन में रह रहे भारतीयों के सामाजिक माहौल और सुरक्षा की भावना पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा भारतीय पेशेवरों को नौकरी के लिए वर्क वीजा मिलने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने यह भी बताया कि उनके जीवनसाथियों को रोजगार की अनुमति नहीं मिलने से परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। कुछ लोगों ने दूतावास से जुड़ी काउंसलर सेवाओं में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों का मुद्दा भी उठाया। राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने इन चिंताओं को गंभीर बताते हुए कहा कि चीन सरकार स्वयं भी सोशल मीडिया पर बढ़ती भारत-विरोधी सामग्री को लेकर चिंतित है और इस दिशा में कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास भी गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार का मुकाबला तथ्य आधारित जानकारी साझा करके कर रहा है। इसके साथ ही दूतावास भारतीय संस्कृति, खान-पान और विविधता को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के लिए वसंत मेला जैसे लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजनों का दायरा बढ़ाने की योजना बना रहा है ताकि चीन में भारत की सकारात्मक छवि और मजबूत हो सके। दोरईस्वामी ने यह भी बताया कि भारतीय पेशेवरों को रोजगार संबंधी विवादों में कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए दूतावास वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों का एक सहयोगी नेटवर्क तैयार कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि भारतीयों की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे 'ओपन हाउस' कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। वहीं, चीन के नागरिकों के लिए भारतीय वीजा प्रक्रिया को भी और सरल बनाने की तैयारी की जा रही है ताकि दोनों देशों के बीच लोगों का आवागमन बढ़ सके। दूसरी ओर, भारत में सितंबर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीन की एक और पहल ने नई कूटनीतिक चर्चा को जन्म दे दिया है। जानकारी के अनुसार, चीनी दूतावास ने भारत सरकार के समक्ष यह चिंता जताई है कि फालुन गोंग और तिब्बती समुदाय से जुड़े मीडिया संगठनों को सम्मेलन के दौरान सीमित पहुंच दी जाए। चीन नहीं चाहता कि ऐसे मीडिया संस्थानों को उसके प्रतिनिधिमंडल से सवाल पूछने या सम्मेलन के मीडिया कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिले। ऐसे समय में जब भारत और चीन के रिश्तों में सुधार की बातें हो रही हैं, वर्षों बाद सीमा व्यापार फिर से शुरू हुआ है और दोनों देशों के बीच राजनीतिक संवाद भी तेज हुआ है, उसी बीच चीन में रह रहे भारतीयों ने ऐसी शिकायतें सामने रखी हैं, जिन्होंने सबको चौंका दिया है। भारतीयों का कहना है कि चीन के सोशल मीडिया पर भारत और भारतीयों के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री तेजी से बढ़ रही है, भारतीय पेशेवरों को नौकरी के वीजा मिलने में मुश्किलें आ रही हैं और उनके जीवनसाथियों के रोजगार पर भी कई तरह की पाबंदियां हैं। इतना ही नहीं, भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीन ने नई दिल्ली से ऐसी मांग भी कर दी है, जिसने दोनों देशों के संबंधों को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। बहरहाल, चीन में रह रहे भारतीयों की शिकायतें और भारत में मीडिया की पहुंच को लेकर चीन की नई मांग यह संकेत देती है कि राजनीतिक स्तर पर संवाद बढ़ने के बावजूद जमीनी स्तर पर विश्वास की कमी अब भी पूरी तरह दूर नहीं हुई है। यही वजह है कि दोनों देशों के रिश्ते फिलहाल सहयोग और संदेह, इन दोनों के बीच संतुलन साधने की चुनौती से गुजर रहे हैं। आने वाला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल आर्थिक और रणनीतिक सहयोग का मंच नहीं होगा, बल्कि यह भी तय करेगा कि भारत और चीन अपने रिश्तों को वास्तविक विश्वास और पारदर्शिता की दिशा में कितना आगे ले जा पाते हैं।

# करप्शन अगेंस्ट इंडिया

2004 से लेकर 2014 तक देश में यूपीए शासन रहा, जिसकी अगुवाई कांग्रेस ने की। इस सरकार पर 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स, कोयला ब्लॉक आबंटन और 2जी स्पेक्ट्रम के आबंटन में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। 2011 में अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लोकपाल लाने के नाम पर ही लंबा आंदोलन किया। जिसमें भाजपा और मीडिया का पूरा साथ रहा। तब फिल्म जगत के लोगों ने भी डॉ.मनमोहन सिंह का खूब मजाक उड़ाया। तब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई पर भी सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए उसे पिंजरे का तोता कहा था। कांग्रेस के खिलाफ बने इस माहौल का ही असर था कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और इसके बाद कभी कांग्रेसमुक्त भारत तो कभी विपक्षमुक्त भारत बनाने की कोशिशें हुईं। यह और बात है कि भाजपा की ये कोशिशें नाकाम रहीं, मगर देश के लोकतांत्रिक ढांचे को इसमें जबरदस्त नुकसान हुआ है। ये सारी बातें इस समय करने की जरूरत पड़ रही है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कोयला ब्लॉक आबंटन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ आपराधिक मामले को बंद कर दिया और उन्हें समन जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है।

-अनाम

# युवा आंदोलनों का संदेश: केवल विरोध नहीं, परिवर्तन का अवसर

> "पिछले कुछ महीनों से देश में अनेक छात्र और युवा आंदोलन सामने आए हैं। इन आंदोलनों ने यह संकेत दिया है कि युवा केवल वैचारिक बहसों से नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पारदर्शिता, समान अवसर और बेहतर शासन जैसी मूलभूत समस्याओं से भी चिंतित हैं। सोशल मीडिया ने इन आंदोलनों को व्यापक स्वर दिया है। इसके सकारात्मक परिणाम हैं, क्योंकि सूचना तेजी से फैलती है और नागरिक भागीदारी बढ़ती है। वहीं इसका दूसरा पक्ष भी है, जहाँ अपुष्ट सूचनाएँ, दुष्प्रचार, भावनात्मक ध्रुवीकरण और वैचारिक अभियान जनमत को प्रभावित कर सकते हैं।

प्रोफेसर स्वामी ध्यान प्रेम




भारत विश्व का सबसे युवा लोकतंत्र है। यह जनसांख्यिकीय शक्ति तभी राष्ट्रीय संपदा बन सकती है जब युवाओं की ऊर्जा को शिक्षा, रोजगार, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण की दिशा मिले। इसके विपरीत यदि वही ऊर्जा निराशा, बेरोजगारी, अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की ओर मुड़ जाए, तो यह लोकतंत्र और सामाजिक स्थिरता–दोनों के लिए चुनौती बन जाती है। इसलिए किसी भी युवा आंदोलन को केवल समर्थन या विरोध के आधार पर नहीं, बल्कि उसके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक संदर्भों में समझना चाहिए।

पिछले कुछ महीनों से देश में अनेक छात्र और युवा आंदोलन सामने आए हैं। इन आंदोलनों ने यह संकेत दिया है कि युवा केवल वैचारिक बहसों से नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पारदर्शिता, समान अवसर और बेहतर शासन जैसी मूलभूत समस्याओं से भी चिंतित हैं। सोशल मीडिया ने इन आंदोलनों को व्यापक स्वर दिया है। इसके सकारात्मक परिणाम हैं, क्योंकि सूचना तेजी से फैलती है और नागरिक भागीदारी बढ़ती है। वहीं इसका दूसरा पक्ष भी है, जहाँ अपुष्ट सूचनाएँ, दुष्प्रचार, भावनात्मक ध्रुवीकरण और वैचारिक अभियान जनमत को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए प्रत्येक आंदोलन का अध्ययन तथ्यों, प्रमाणों और बहुआयामी दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए।

किसी भी आंदोलन को समझने के लिए उसके घटनाक्रम, नेतृत्व, संगठनात्मक संरचना, संसाधनों, समर्थन तंत्र, संचार रणनीति और वैचारिक आधार का विश्लेषण आवश्यक है। यह लोकतांत्रिक अध्ययन का सामान्य सिद्धांत है। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि आंदोलन वास्तविक जनसमस्याओं की अभिव्यक्ति है या समय के साथ उसमें विभिन्न राजनीतिक अथवा वैचारिक समूहों का प्रभाव बढ़ गया है। लोकतंत्र में विविध संगठनों का किसी साझा मुद्दे पर साथ आना स्वाभाविक है, किंतु आंदोलन का मूल्यांकन उसके घोषित उद्देश्य, कार्यप्रणाली और संवैधानिक मर्यादा के आधार पर होना चाहिए।

आज युवाओं की सबसे बड़ी चिंता रोजगार है। सरकारी नौकरियों की सीमित संख्या, प्रतियोगी परीक्षाओं में विलंब, प्रश्नपत्र लीक की घटनाएँ, निजी क्षेत्र में अस्थिर रोजगार और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने असंतोष को बढ़ाया है। लाखों शिक्षित युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, परंतु नियुक्ति प्रक्रियाओं में देरी उनकी निराशा को और गहरा कर देती है। यह केवल आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है।

इसी प्रकार अग्निवीर योजना और पुरानी पेंशन व्यवस्था जैसे विषय भी व्यापक सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बने हैं। अग्निवीर योजना के समर्थक इसे सैन्य सुधार और युवाओं के कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हैं, जबकि आलोचक सेवा अवधि और भविष्य की रोजगार सुरक्षा पर प्रश्न उठाते हैं। पुरानी पेंशन और नई पेंशन व्यवस्था पर भी एक ओर वित्तीय अनुशासन का तर्क है, तो दूसरी ओर कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा का प्रश्न। इन विषयों पर मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया हैं और उनका समाधान संवाद तथा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण से ही संभव है।

राजनीतिक दृष्टि से भी जनता की अपेक्षाएँ पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई हैं। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, पारदर्शी प्रशासन, सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन जैसे वादे भारतीय राजनीति के केंद्र में रहे हैं। पिछले एक दशक में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, राजमार्ग, रेलवे, रक्षा, अंतरिक्ष तथा वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका जैसी उपलब्धियाँ उल्लेखनीय रही हैं। वहीं दूसरी ओर बेरोजगारी, महँगाई, कृषि संकट, आय असमानता, शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियों, सामाजिक तनाव तथा संस्थागत जवाबदेही जैसे मुद्दों पर सरकार की आलोचना भी लगातार होती रही है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का मूल्यांकन उसकी उपलब्धियों और कमियों–दोनों के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक आग्रहों के आधार पर।


यह भी समझना होगा कि व्यवस्था परिवर्तन केवल सत्ता परिवर्तन से संभव नहीं होता। यदि प्रशासनिक सुधार, न्यायिक दक्षता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार सृजन, भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण, राजनीतिक जवाबदेही और नागरिक भागीदारी समान गति से आगे न बढ़ें, तो जनता की अपेक्षाएँ अधूरी रह जाती हैं। लोकतंत्र में जनादेश स्थायी नहीं होता; वह जनता के विश्वास पर आधारित होता है और विश्वास का आधार परिणाम होते हैं।

भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति, विरोध और संगठन का अधिकार देता है। साथ ही यह भी अपेक्षा करता है कि परिवर्तन का मार्ग संवैधानिक और अहिंसक हो। हिंसा, घृणा, सार्वजनिक संपत्ति की क्षति या किसी भी प्रकार का सामाजिक वैमनस्य लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करता है। इसी प्रकार बिना पर्याप्त प्रमाण के किसी आंदोलन को किसी एक विचारधारा या संगठन से जोड़ देना भी स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं माना जा सकता। निष्पक्षता और तथ्यपरकता ही लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

आज आवश्यकता ऐसे युवाओं की है जो प्रश्न भी पूछें और समाधान भी खोजें; अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करें; सरकार की उपलब्धियों को स्वीकार करने का विवेक रखें और उसकी कमियों पर रचनात्मक आलोचना करने का साहस भी। लोकतंत्र न तो अंध-समर्थन से मजबूत होता है और न ही अंध-विरोध से। वह संवाद, उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और जनविश्वास से सशक्त बनता है। भारत की सबसे बड़ी पूँजी उसका युवा है। यदि उसकी ऊर्जा रोजगार, कौशल, उद्यमिता, अनुसंधान, सामाजिक सेवा और राष्ट्र-निर्माण की दिशा में लगेगी, तो विकसित भारत का लक्ष्य अधिक सशक्त होगा। परंतु यदि उसकी आकांक्षाएँ लगातार उपेक्षित होती रहीं, तो असंतोष और आंदोलनों का विस्तार स्वाभाविक होगा। इसलिए समय की माँग है कि सरकार, विपक्ष, शैक्षणिक संस्थान, नागरिक समाज और स्वयं युवा–सभी मिलकर संवाद, विश्वास और उत्तरदायी शासन की संस्कृति को मजबूत करें। यही लोकतंत्र की सफलता और भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

# अंग दान, महा दान: बीस हजार नई ज़िंदगिया, अंगदान ने बदली भारत की तस्वीर

बृज खंडेलवाल




आगरा का सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज अब अंग प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुपर स्पेशियलिटी विंग में किडनी प्रत्यारोपण की सभी प्रमुख तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और जल्द नियमित प्रत्यारोपण शुरू होने की उम्मीद है। यहां कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा पहले से उपलब्ध है, जबकि भविष्य में लिवर, हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण की भी योजना है। मेडिकल कॉलेज का एनाटॉमी विभाग देहदान (कैडवर डोनेशन) भी स्वीकार करता है। दान किए गए शरीरों का उपयोग एमबीबीएस और पीजी छात्रों के प्रशिक्षण, एनाटॉमी अध्ययन तथा सर्जिकल शिक्षा में किया जाता है। देहदान के लिए इच्छुक व्यक्ति एनाटॉमी विभाग में पंजीकरण करा सकते हैं। हाल ही में गुजरात में वंदे भारत एक्सप्रेस ने ग्रीन कॉरिडोर की मदद से जीवित हृदय समय पर पहुँचाकर इतिहास रचा। एक परिवार अपने प्रियजन को हमेशा के लिए विदा कर रहा था। उसी समय, किसी दूसरे अस्पताल में एक मरीज नई जिंदगी की उम्मीद से ऑपरेशन थिएटर में ले जाया जा रहा था। एक घर का गम, दूसरे घर की खुशी बन गया। अंगदान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि इंसान इस दुनिया से जाने के बाद भी कई लोगों की धड़कनों में ज़िंदा रह सकता है।

भारत ने वर्ष 2025 में अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। पहली बार देश में 20,138 अंग प्रत्यारोपण किए गए। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6-7 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2013 में यह संख्या केवल 4,990 थी। यानी एक दशक में अंग प्रत्यारोपण चार गुना से भी अधिक बढ़ गया। दिल्ली-एनसीआर सबसे आगे रहा, जहाँ 4,500 से अधिक प्रत्यारोपण हुए। इसके बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल का स्थान रहा। मृत्यु के बाद अंगदान करने वालों में तमिलनाडु ने फिर मिसाल पेश की। महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

आज भारत जीवित दाताओं से अंग प्रत्यारोपण में दुनिया का अग्रणी देश है। कुल प्रत्यारोपण की संख्या के मामले में भारत अब केवल अमेरिका और चीन से पीछे है। यह उपलब्धि देश के डॉक्टरों, सर्जनों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत का नतीजा है। साथ ही, यह उन परिवारों की संवेदनशील सोच को भी सलाम है, जिन्होंने अपने दुःख के बीच किसी अनजान व्यक्ति को जीवन देने का फैसला किया।

एक दाता परिवार के सदस्य ने कहा, ''हमारा बेटा तो चला गया, लेकिन उसकी किडनी और लीवर अब दो और परिवारों में धड़क रहे हैं। हमें लग रहा है कि वो अब भी कहीं ज़िंदा है।'' एक लाभार्थी, जो कई साल से डायलिसिस पर था, भावुक होकर बोला, ''जब डॉक्टर ने कहा कि अंग मिल गया है, तो लगता था जैसे मौत के मुँह से वापस लौट आया हूँ। अब मैं बच्चों के साथ खेल सकता हूँ। दाता परिवार का शुक्रिया अदा करने के शब्द नहीं हैं।'' विशेषज्ञ भी इस बदलाव को सराहते हैं। प्रसिद्ध ट्रांसप्लांट सर्जन कहते हैं, ''अंगदान सबसे बड़ा उपहार है। कृपया अपने अंग स्वर्ग न ले जाएँ; स्वर्ग को पता है कि हमें यहाँ उनकी जरूरत है।''

राष्ट्रीय डिजिटल पोर्टल पर 2023 से अब तक पाँच लाख से अधिक लोगों ने अंगदान का संकल्प लिया है। 'जुग-जुग जियो अभियान', NOTTO मोबाइल ऐप और 'वन नेशन, वन पॉलिसी' ने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है। कई नए एम्स में किडनी और लीवर प्रत्यारोपण की सुविधाएँ बढ़ी हैं। फिर भी चुनौती बाकी है। हर साल लाखों मरीज अंगों की प्रतीक्षा में हैं। बहुत से लोग समय पर अंग न मिलने से जान गँवा देते हैं।

यही कमी ग्रे मार्केट को बढ़ावा देती है। गरीबों से किडनी चुराकर या जबरदस्ती बेचने के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। दलाल गरीब किसानों, मजदूरों और कर्ज में डूबे लोगों को फुसलाते हैं। नकली रिश्ते, फर्जी दस्तावेज बनाकर अवैध प्रत्यारोपण कराए जाते हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली-एनसीआर और यहाँ तक कि बांग्लादेश-कम्बोडिया से जुड़े अंतरराष्ट्रीय रैकेट भी पकड़े गए हैं। गरीब दाता को थोड़े पैसे मिलते हैं, जबकि मरीज से लाखों वसूले जाते हैं। कई बार किडनी चुरा ली जाती है या धोखे से निकाल ली जाती है। यह काला व्यापार मानवीय गरिमा का घोर अपमान है।

कानून सख्त है, लेकिन जागरूकता और पारदर्शिता बढ़ाकर ही इस ग्रे मार्केट पर अंकुश लगाया जा सकता है।

जब मृत्यु के बाद अंगदान समाज की स्वाभाविक संस्कृति बनेगी, तभी असली सफलता मिलेगी। आखिरकार, इंसान की सबसे बड़ी विरासत उसकी दौलत नहीं, बल्कि वह जीवन है जो वह दूसरों को देकर जाता है। अंगदान सचमुच मृत्यु के बाद भी जीवन का सबसे सुंदर उत्सव है।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

दिनांक 6 अगस्त 2026 गुरुवार

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। गुरुवार का दिन साक्षात जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु और देवगुरु बृहस्पति की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन श्री हरि विष्णु को पीले पुष्प अर्पित करना तथा विष्णु सहस्त्रनाम या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान विष्णु को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गुरु मंत्र का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता लक्ष्मी को पीले पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर या पीले चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में पीले वस्त्र या चने की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। नारायण कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। गुरुदेव के नाम का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मीपति विष्णु जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को केला या चना खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी विष्णु मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

गुरुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर पूर्व की दिशा में साफ जल भरकर उसमें हल्दी मिलाकर रखने या पीतल के पात्र में जल स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात देवगुरु की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# दूषित पेड़ा तो मिट्टी में मिला दिया, मिलावटखोरों को कब नष्ट करोगे

## कभी-कभार ही ऐसी कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाता है खाद्य सुरक्षा विभाग

- मथुरा में एक भी मिलावटखोर को न दिलवा पाए उसकी करतूत की सजा
- कोई पेड़ा बनता ठाकुर जी का भोग तो किसी पेड़ा को चख-चखक कर खाते श्रद्धालु

राजेश मिश्रा



**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** सोमवार को मिलावटखोरों और अवैध खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई बताकर अपनी पीठ थपथपाई। इस कार्रवाई का निर्देशन कर रहे सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के निर्देशन और नेतृत्व कर रहे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के.के. त्रिपाठी तो अपनी वाह-वाही से थक नहीं आ रहे होंगे। मथुरा जिले को तो इनको शाबाशी देनी चाहिए। तो श्रद्धालुओं को शुक्रगुजार होना चाहिए कि इनकी सक्रियता के चलते वे जहर खाने से बच गए। ऐसी कार्रवाई की सूचना पाकर ऊपर वालों का भी सीना चौड़ा हो गया होगा।

अरे, साहब लोगो, कुछ तो आत्ममंथन करो। मथुरा नगरी में तैनाती जीवन का परम सौभाग्य समझो, वरना तो यहां पर आने के लिए देश-दुनिया के लोग तरसते हैं। यहां पर ठाकुर जी की सेवा सिर्फ उनके विग्रह के समक्ष बैठकर ध्यान करने और कुछ अर्पित करने से ही नहीं होती। जिस पेड़े को दूषित होने की आशंका समझ मिट्टी में मिलाया है, उससे ही ठाकुर जी का भोग लगता, श्रद्धालु उसे प्रसाद समझकर खाते। सोचिए, 41 कुंतल पेड़ा कितने शरीर के लिए घातक साबित होता। खादय सुरक्षा विभाग से सवाल है कि आखिर, ये और इतना पेड़ा तैयार कैसे हो गया? कहां भ्रमण करती है आपकी प्रवर्तन टीम? जिन ठिकानों से और जिससे आपने पेड़ा बरामद किया है, क्या ये जानने की जरूरत समझी कि जनस्वास्थ्य मंन जहर घोलने की ये करतूत कब से कर रहे हैं? कहां-कहां सप्लाई करते हैं? क्या इसी पेड़ा से वे अपने ठाकुर जी को भोग लगाते हैं? क्या वे भी यही पेड़ा खाते हैं?

खाद्य सुरक्षा विभाग अगर वास्तव में ही सक्रिय रहता तो ऐसे दूषित उत्पाद तैयार ही नहीं हो सकते थे। जनरेटिंग प्वाइंट पर ही अंकुश कर दिया जाता। दरअसल, मथुरा जिले में अब तक ऐसे किसी भी मिलावटखोर को सबक ही नहीं सिखाया गया।

उन्हें उनकी करतूतों की सजा भी नहीं दिलाई जा सकी। तो मिलावटखोरों के हौसले तो बुलंद होते ही रहेंगे। इस मामले में भी खाद्य उत्पाद के नमूने लिए गए हैं। अब देखना ये है कि इनकी जांच कितने महीनों में आती है। और, क्या आती है?

### इस कार्रवाई पर थपथपाई होगी अपनी-अपनी पीठ

- सचल दल ने वृंदावन और बल्देव क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी की।
- वृंदावन स्थित नियर बसेरा बैकुंठ, मायावती फ्लैट (सेक्टर-3, ब्लॉक नं. 23) में विष्णु अग्रवाल के मकान पर खाद्य सचल दल ने छापा मारा।
- गांव सुनरख बांगर में शिशुपाल उर्फ सतपाल के ठिकाने पर पेड़ा, मिल्क केक और खोआ का 1-1 नमूना संग्रहित किया गया।
- बल्देव स्थित प्रसिद्ध दुकान ह्यहरपाल बाबा पेड़े वाले से घेवर का 1 नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।
- लगभग 6.27 लाख मूल्य का 42 क्विंटल) से अधिक अमानक व अस्वच्छकर पेड़ा और मिल्क केक नष्ट कराया गया।
- लैब में जांच के लिए 09 सैंपल भेजे गए हैं
- जांच रिपोर्ट आने पर दर्ज होगी एफआईआर।

# पेयजल की समस्या सुन आफिस में 'पानी-पानी' हुए नगर आयुक्त

- सीधे पहुंच गए प्रताप नगर, घंटों बैठ लोगों से सुनी हकीकत
- अधिकारियों की लगाई क्लास, समस्या समाधान के बताए तरीके

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



और अफसरों की तरह नगर आयुक्त ओजस्वी राज भी चाहते तो आफिस में जनसमस्या सुन अधीनस्थों को निर्देशित कर देते। लेकिन, मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले मथुरा नगर में पेयजल जैसी अति आवश्यक सुविधा का भी अभाव देख वे विचलित हो गए। एक जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते ह्यपानी-पानीह्न हो गए। तत्काल ही अधीनस्थों को अलर्ट किया और पहुंच गए प्रताप नगर। घंटों उनके बीच बैठकर समस्या जानीं, अब तक के किए उपायों पर बात की और फिर संबंधित अधिकारियों को सख्त लहजे में स्पष्ट कर दिया कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा हर हाल में बहाल की जाए। स्थानीय लोग तो अफसर की कार्यशैली देख उम्मीदों के सागर में डूब गए।

नगर निगम में आयोजित संभव दिवस के दौरान प्रताप नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या से संबंधित शिकायत सामने आई थी। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने केवल कार्यालय से निर्देश जारी करने के बजाय जलकल विभाग की पूरी टीम के साथ महोली रोड स्थित बजरंग चौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने पेयजल आपूर्ति की स्थिति देखी। स्थानीय लोगों से पूरी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद ठाकुर तेजवीर सिंह भी मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि वार्ड के कई हिस्सों में नियमित रूप से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

क्षेत्र के अंतिम छोर तक रहने वाले लोगों को पेयजल आपूर्ति में परेशानी होती है। इसके बाद नगर आयुक्त ने अधिकारियों से वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने महाप्रबंधक जलकल को विस्तृत सर्वे कराने के निर्देश दिए।

### नगर आयुक्त ने ये भी निर्देश दिए

- सर्वे के दौरान जिन स्थानों पर जलापूर्ति मोटर की क्षमता कम पाई जाए, वहां आ मोटर की क्षमता बढ़ाई जाए।
- जिन इलाकों में पाइपलाइन के माध्यम से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहां नई पाइप लाइन बिछाने की कार्ययोजना तैयार करें।
- संभव दिवस में आने वाली शिकायतों को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका धरातल पर समाधान दिखाई देना चाहिए।
- चेतावनी दी कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# होटल, गेस्ट हाउस नाम पर काटते थे टटलू, दो दर्जन दबोचे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

- श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और ठगी की आ रही थीं शिकायतें
- प्रेम मंदिर से बांके बिहारी मंदिर तक चला अभियान



होटल गेस्ट हाउस के नाम पर पर्यटकों का टटलू काटने वालों पर पुलिस का चाबुक चला है। धार्मिक नगरी वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं को होटल और गेस्ट हाउस दिलाने के नाम पर परेशान करने, अवैध वसूली और कथित ठगी करने वाले दलालों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वृंदावन कोतवाली पुलिस ने देर रात शहर के प्रमुख धार्मिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए करीब दो दर्जन संदिग्ध दलालों को हिरासत में लिया। वृंदावन कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वीआईपी मार्ग, प्रेम मंदिर और विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई की।

बताया जा रहा है कि वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को रास्ते में रोककर होटल और गेस्ट हाउस उपलब्ध कराने के नाम पर कुछ दलाल सक्रिय रहते हैं। श्रद्धालुओं से मनमाने पैसे मांगने, होटल तक पहुंचाने के नाम पर कमीशन लेने और उन्हें परेशान करने जैसी शिकायतों को देखते हुए पुलिस ने यह अभियान चलाया। देर रात अचानक शुरू हुई पुलिस की कार्रवाई से होटल दलालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

वृंदावन में प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर बांके बिहारी महाराज, प्रेम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। त्योहारों, सप्ताहांत और विशेष धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में होटल, गेस्ट हाउस, पार्किंग और मंदिर तक पहुंचाने के नाम पर श्रद्धालुओं को परेशान किए जाने की शिकायतें पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बनती हैं। कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहूलियत के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कालाबाजारी को जा रहे चावल के 46 कट्टे पकड़े, 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन के चावल की कालाबाजारी को जा रही बिना नम्बर की मैक्स पिकअप को रात्रि दस बजे चौकी अनोड़ा इंजार्ज ने चेकिंग के दौरान ग्राम भरऊ के रास्ते पुलिस ने पकड़ लिया। जिसमें 46 कट्टे चावल के लदे हुए थे। जो कालाबाजारी को इगलास जा रहे थे। मामले को संज्ञान में लेकर डीएम सीपी सिंह ने जिलापूर्ति अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। डीएम के आदेश पर जिलापूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक महावन रविकांत को मौके पर भेजा और जांच शुरू कर दी। जांच में गाड़ी में राशन के चावल के 46 कट्टे लदे हुए थे। जिसमें 45 से 50 किलो बजन बताया जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी चालक आजाद खान पुत्र पप्पू खान निवासी अबेरनी सहित दो अन्य लोगो को हिरासत में ले लिया।

पूर्ति निरीक्षक द्वारा गाड़ी चालक से पूछताछ में बताया कि उक्त चावल के कट्टे महेश अग्रवाल अबेरनी भुवनेश अग्रवाल पचावर थाना बलदेव से इगलास के सहारा कला इगलास वंशी प्रधान के यहां लेकर जा रहा था।

पूर्ति निरीक्षक ने बताया उक्त लोग सस्ते दामों में राशन डीलरो के यहां से चावल खरीदकर कालाबाजारी को ले जाते है। और मोटे दामों में बेचकर मुनाफ्फत कमाते है। पूर्ति निरीक्षक ने उक्त चावल राया निवासी जाकिर हुसैन राशन डीलर के सुपुर्दगी में दे दिया।



## इनर व्हील क्लब ने मनाया तीज उत्सव, बिखरे संस्कृति के रंग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

इनर व्हील क्लब के नवीन सत्र के पदाधिकारियों का अधिष्ठापन समारोह और तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य संचालिका डॉ. मधुबाला गर्ग के स्वागत उद्बोधन से हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 311 की वाइस चेयरपर्सन ज्योति मित्तल मौजूद रहीं। वहीं डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर मंजू पारीक और पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लता गोयल विशिष्ट अतिथि रहीं। अधिष्ठापन समारोह में नवीन अध्यक्ष और सचिव ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी का परिचय कराया गया। क्लब से जुड़े नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। समारोह के दौरान समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए खजानी लर्निंग अकादमी की पांच जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा का दायित्व लेने की घोषणा की गई। इस कार्य में लता गोयल, मीनाक्षी अग्रवाल, सुधा खंडेलवाल, अध्यक्ष रेखा माहेश्वरी और अरुणा बंसल ने सहयोग दिया। इसके साथ ही एक मूकबधिर छात्रा की स्नातक तक की शिक्षा का दायित्व क्लब की वरिष्ठ सदस्य माया गर्ग ने लिया। मुख्य अतिथि ज्योति मित्तल ने कहा कि इनर व्हील सेवा, संस्कार और समर्पण का सशक्त माध्यम है। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मल्हार गायन, पारंपरिक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# अनुशासन ही महान नेतृत्व की जननी है: किशन चौधरी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद के नवनिर्वाचित छात्र-नेताओं का शपथ ग्रहण समारोह तथा राष्ट्र निमार्ता आचार्यों व मेधावी विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रतिभा सम्मान समारोह अत्यंत दिव्य, भव्य और अलौकिक वातावरण में संपन्न हुआ। पूरा विद्यालय परिसर ऊर्जा, राष्ट्रभक्ति और गौरवमयी तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रभक्ति और कुशल नेतृत्व के प्रतीक, जिला पंचायत अध्यक्ष (मथुरा) एवं के.एम. यूनिवर्सिटी के चेयरमैन किशन चौधरी उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रबंध समिति द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, वैदिक मंत्रोच्चार और पुष्पार्चन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य हरेंद्र सारस्वत ने मुख्य अतिथि किशन चौधरी का अंगवस्त्र, माला एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा उनके व्यक्तित्व का परिचय कराया। मुख्य अतिथि किशन चौधरी ने नवनिर्वाचित छात्र संसद के प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, अध्यक्ष एवं छात्र मंत्री मंडल के सदस्यों को पद, कर्तव्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा अनुशासन ही महान नेतृत्व की जननी है। उन्होंने युवा छात्र-नेताओं को देश, धर्म और विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्प, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा शिक्षा क्षेत्र में समर्पित सेवा देने वाले आचार्यों को सम्मानित किया गया एवं विद्यालय की हॉकी प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रो. (डॉ.) तेजपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक ही समाज की रीढ़ हैं और उनका सम्मान साक्षात सरस्वती का सम्मान है।

मंच पर शिक्षाविद् व विद्यालय अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, प्रबंधक प्रो. (डॉ.) तेजपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य हरेंद्र सारस्वत मंचासीन रहे। छात्र संसद के प्रभारी कृष्णकांत मिश्र तथा समस्त आचार्य परिषद की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। प्रबंधकजी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सम्मानित गुरुजनों को बधाई दी और छात्र संसद के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वृंदावन पुलिस ने दो दर्जन होटल दलाल पकड़े

**वृंदावन।** धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और होटल-गेस्ट हाउस के नाम पर ठगी करने वाले अवैध दलालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वृंदावन कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने देर रात सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वीआईपी मार्ग, प्रेम मंदिर और बांके बिहारी मंदिर के आसपास से दर्जनों संदिग्ध दलालों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहूलियत से खिलवाड़ करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# करंट लगने से संविदा कर्मी की दर्दनाक मौत, कैंट बिजली घर पर प्रदर्शन

**मथुरा।** जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन बिजली घर पर कार्यरत संविदा कर्मचारी 33 केवीए की लाइन पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में झुलसे विद्युत कर्मी को उपचार के लिये जिला अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। सविंदा कर्मी की मौत के बाद गुस्सायें अन्य विद्युत कर्मियों और परिजनों ने शव को कैंट बिजली घर रखकर जमकर हंगामा किया गया। हंगामे की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गये।

जानकारी के अनुसार राजीव भवन बिजली घर पर कार्यरत संविदा कर्मचारी औरंगाबाद पुरानी ईदगाह निवासी 24 वर्षीय दीपक उर्फदीपू पुत्र मोहन ठाकुर मंगलवार सुबह तहसील सदर क्षेत्र में लाइन के फॉल्ट को ठीक करने के लिये विद्युत खंबे में चढ़कर उसे ठीक कर रहे थे। तभी अचानक 33 केवीए की लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में अन्य विद्युत कर्मी और राहगीरों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद गुस्सायें अन्य विद्युत कर्मियों और परिजनों ने अस्पताल से शव ले जाकर कैंट बिजली घर पर रखकर जमकर हंगामा काटा।

# बोन एंड जॉइंट्स वीक पर किया गया छात्र-छात्राओं को जागरूक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




के.एम. मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में स्वस्थ हड्डियां, स्वस्थ जोड़, स्वस्थ भारत थीम के तहत आयोजित 4 दिवसीय बोन एंड जॉइंट्स वीक 2026 कार्यक्रम के दूसरे दिन विवि के लेक्चर थिएटर में छात्र जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ब्रजधाम इंटर कॉलेज के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ वाइस चांसलर व डीन डॉ. शरद अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस विशेष अवसर पर डॉ. शरद अग्रवाल के साथ चांसलर सलाहकार डॉ. एस.पी. गोस्वामी, अस्पताल के ए.एम.एस. डॉ. नमित गौतम, हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. आर.पी. गुप्ता तथा हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राकेश गुप्ता संयुक्त रूप से मौजूद रहे। अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों ने वाइस चांसलर व डीन डॉ. शरद अग्रवाल समेत सभी मंचासीन अतिथियों का गुलदस्ता व पटुका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षित जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने हड्डियों और जोड़ों को मजबूत व स्वस्थ रखने के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान ब्रजधाम इंटर कॉलेज के 100 मेधावी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रामधन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कई अहम गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वस्थ विद्यार्थी से स्वस्थ भारत का निर्माण, आउटडोर खेलों का महत्व और स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा, बच्चों में संतुलित आहार का महत्व तथा शुरूआती अवस्था में ही अस्थि विकृतियों की पहचान करने के तरीके तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हड्डियों व जोड़ों की सुरक्षा का संदेश दिया गया और बी.एल.एस. (बेसिक लाइफ सपोर्ट) का जीवंत प्रदर्शन किया गया, मुख्य रूप से शामिल रहे। डॉ. रामधन ने आगे बताया कि इस अभियान के तहत शुक्रवार को जन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। वहीं अंतिम दिन एक विशेष व्याख्यान कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें मांसपेशियों और जोड़ों की समस्याओं को दूर करने वाले आसान व्यायाम सिखाए जाएंगे।

## दुवासु में लिया गया नशा मुक्ति जागरूकता का संकल्प

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु), मथुरा में नशा मुक्ति भारत अभियान पखवाड़ा (25 जुलाई से 8 अगस्त 2026) के अंतर्गत मंगलवार को दीनदयाल सभागार में "नशा : क्यों शुरू होता है, क्यों छूट नहीं पाता और इससे बाहर कैसे निकला जाए" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनिंदो मित्रा, एमबीबीएस, एमडी (मनोचिकित्सा), हेड, एथेना मेंटल हेल्थ, गुरुग्राम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नशे की लत के मनोवैज्ञानिक, जैविक एवं सामाजिक कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. मित्रा ने कहा कि नशे की लत एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसका समय रहते उपचार संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की मानसिक या नशे से संबंधित समस्या होने पर बिना किसी संकोच के विशेषज्ञों की सहायता लें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, जिम्मेदार निर्णय लेने तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन "आइए, हम सभी मिलकर एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।" के संदेश के साथ हुआ।

## धोखाधड़ी के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जनपद मथुरा की थाना मांट पुलिस को धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत की गई है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और कांस्टेबल हर्षवर्धन की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में पहला रामबाबू (60 वर्ष) है, जो हाथरस के चिंतापुर का निवासी है। उसे हाथरस गेट स्थित काली मंदिर के पास से पकड़ा गया। दूसरा अभियुक्त सुमित राज सिंह (22 वर्ष) है, जो मथुरा के मांट राजा का रहने वाला है। उसे सुरीर थाना क्षेत्र के टैटीगांव चौराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, यह मामला 3 जून 2026 को भरतपुर, राजस्थान निवासी विनय सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया था। मांट थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 338, 336(3), 61(2) और 340(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध साबित होने के बाद उनकी गिरफ्तारी की गई।

# मैनपुरी में पुरानी रंजिश को लेकर दूध विक्रेता पर ताबड़तोड़ फायरिंग

## गंभीर हालत में सैफई रेफर

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गवाल टोली निवासी विजेंद्र सिंह यादव (42) सोमवार रात लगभग 8 बजे अपना काम निपटाकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अंजनी गांव के समीप पेट्रोल पंप के पास पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया।

पीड़ित विजेंद्र के अनुसार, हमलावरों में पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण, उनका पुत्र तथा 5 से 6 अन्य लोग शामिल थे। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उन पर 3 से 4 राउंड गोलियां चलाईं, जिसमें से एक गोली उनके सिर में जा लगी। फायरिंग के बाद पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहा।

घटना की खबर मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर विजेंद्र को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

पीड़ित परिवार ने बताया कि हमलावरों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। लगभग पांच माह पूर्व भी आरोपियों ने विजेंद्र को ट्रक से कुचलकर मार डालने की धमकी दी थी।

घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मैनपुरी में लाल सूरज भान सिंह जयंती समारोह आयोजित, वक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




लाल सूरज भान सिंह घंटाघर पुस्तकालय पर 3 अगस्त 2026 को लाल सूरज भान सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील वर्मा (लल्लू) ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्रमोहन सक्सेना रहे। अतिथियों ने लाल सूरज भान सिंह के चित्र, उनकी आदमकद मूर्ति, रानी जुवराज कुंवरि और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना देवांशी माहेश्वरी ने प्रस्तुत की और मंच संचालन विनोद माहेश्वरी द्वारा किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने लाल सूरज भान सिंह के प्रेरणादायी जीवन और उनके इतिहास पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सुजरई की रानी जुवराज कुंवरि ने पति और पुत्र के बिछोह के बाद अपने दिवंगत पुत्र की स्मृति में मैनपुर में 'लाल सूरज भान सिंह पुस्तकालय न्यास' का गठन किया था। विद्याराम यादव एडवोकेट ने बताया कि मात्र 14 वर्ष की आयु में (छठवीं कक्षा के दौरान) छत से पतंग उड़ाते समय पैर फिसलने के कारण लाल सूरज भान सिंह का आकस्मिक निधन हो गया था। वहीं सरदार सिंह ने जानकारी दी कि रानी ने 1930 में कुरावली की एक धर्मशाला में पुस्तकालय की स्थापना की थी, जो 1942 तक चला और बाद में इसकी पुस्तकें देवनागरी इण्टर कॉलेज को सौंप दी गईं। इसके अतिरिक्त, 1941 में निर्मित घंटाघर में उनकी प्रतिमा को प्रतिष्ठित कराया गया।

कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भरते हुए कवि सत्येन्द्र पाठक 'निडर', देवांशी माहेश्वरी और प्रबोध भदौरिया ने अपनी कविताओं के माध्यम से लाल सूरज भान सिंह की स्मृति को नमन किया। अंत में पुस्तकाध्यक्ष महाराम शाक्य ने सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान केशव शरण सक्सेना, राम प्रकाश पाण्डेय, विवेक तहरिया, अजय शर्मा, विजय बहादुर त्रिपाठी, दिनेश चन्द्र सक्सेना और कौशलेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र सेनानी जहान सिंह यादव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

टीएनएफ टुडे, करहल।

क्षेत्र के ग्राम नगला बाग, बूरामई निवासी एवं लोकतंत्र सेनानी जहान सिंह यादव का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया। जहान सिंह यादव लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने समाजहित के अनेक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और हमेशा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी। उनके सादगीपूर्ण स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज सेवा के कारण क्षेत्र में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में शुभचिंतक, ग्रामीण और गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने लगे। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जहान सिंह यादव ने लोकतंत्र की रक्षा और सामाजिक सरोकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

## दिव्यांगजनों को नौकरी दिलाने के लिए 6 और 10 अगस्त को रोजगार मेला आयोजित होगा

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, सेवायोजन विभाग एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3 .0 का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनपद के दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है। प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक राजकीय आईटीआई ने बताया कि 6 अगस्त एवं 10 अगस्त को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में जनपद तथा जनपद के बाहर के इच्छुक दिव्यांगजन प्रतिभाग कर विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार देकर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार के इच्छुक दिव्यांगजनों को जिला उद्योग उद्यम एवं प्रोत्साहन केंद्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिला समन्वयक ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभार्थियों से 6 एवं 10 अगस्त को राजकीय आईटीआई परिसर में पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने और अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

## मैनपुरी-संविदा कर्मी लाइनमैन से दबंगों ने की मारपीट

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

घिरोर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर बिजली उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन के साथ राजस्व वसूली और विद्युत सुधार कार्य के दौरान ग्रामीणों के पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव की लाइन को थ्री-फेस करने का दबाव बनाते हुए आरोपियों ने लाइनमैन के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और टी-शर्ट भी फाड़ दी। बीच-बचाव करने आए साथी कर्मी के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। पीड़ित लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। संविदाकर्मी लाइनमैन आदित्य चौहान, साथी कुंवर पाल के साथ ग्राम नगला इंद्र (पोस्ट बादशाहपुर) में बिजली व्यवस्था सुचारू करने और विभागीय निदेर्शानुसार राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव की लाइन को थ्री-फेस करने की बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। गांव के तीन-चार आरोपी मौके पर आ धमके और जबरन बिजली जोड़ने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली और आदित्य चौहान के साथ जमकर मारपीट की। हमले के दौरान आरोपियों ने उनकी टी-शर्ट फाड़ दी और सीने व आंख पर नाखूनों से गंभीर खरोंचे मार दीं। संविदा कर्मी कुंवर पाल ने जब बीच-बचाव करना चाहा तो उनके साथ भी अभद्रता और धक्का-मुक्की की गई। जाते-जाते आरोपी दोनों कर्मियों को दोबारा गांव आने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# जातिगत नहीं, आर्थिक आधार पर मिले आरक्षण: सनातनी सेना ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

सनातनी सेना के प्रतिनिधियों ने सोमवार को जिलाधिकारी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रेषित किया। संगठन ने वर्तमान आरक्षण प्रणाली में बदलाव करते हुए इसे जातिगत के बजाय आर्थिक स्थिति पर आधारित करने की पुरजोर पैरवी की है।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था से प्रतिभावान छात्र और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के परिवार अवसरों से वंचित रह जाते हैं, जबकि संपन्न वर्ग इसका निरंतर लाभ उठा रहे हैं। सनातनी सेना ने तीन मुख्य सूत्रीय मांगें रखी हैं– जिनमें 4 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले सभी जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक आरक्षण देना, सभी श्रेणियों में क्रीमी लेयर लागू कर एक परिवार को केवल एक बार लाभ देना, तथा शिक्षा व नौकरियों में योग्यता को प्राथमिकता देना शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए मांग पूरी न होने पर उग्र और व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

# दीक्षांत समारोह: मैनपुरी की खुशी श्रीवास्तव को राज्यपाल ने प्रदान किए दो स्वर्ण पदक

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।




डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के 92वें दीक्षांत समारोह में श्री चित्रगुप्त पी.जी. कॉलेज, मैनपुरी की मेधावी छात्रा खुशी श्रीवास्तव को महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। खुशी श्रीवास्तव ने एम.एससी. (गणित) में पूरे विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें 'डॉ. मनोहर रे स्मृति स्वर्ण पदक' एवं 'कृष्णा कुमारी देवी स्वर्ण पदक' प्रदान किए गए। गणित प्रवक्ता डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं बेसिक शिक्षा परिषद की वरिष्ठ अध्यापिका वंदना श्रीवास्तव की सुपुत्री खुशी ने अपनी इस स्वर्णिम सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और अपने बड़े भाई कोणार्क राकेश (पीएचडी शोधार्थी, आईआईटी रुड़की) के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया है। खुशी की इस उपलब्धि पर कॉलेज और पूरे मैनपुरी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे दो लाख रुपए की कर रहा मांग

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि एक युवक अश्लील वीडियो डालने की धमकी देकर दो लाख रुपए की मांग कर रहा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि पीड़िता बहुत ही गरीब परिवार की बेटी है पीड़िता के मोबाइल नंबर से विक्की नाम का लडका निवासी देहादून आज से लगभग 2 माह पूर्व विक्की के मोबाइल नंबर से सम्पर्क हो गया था अब विक्की अपने मोबाइल नंबर पर अपनी आई०डी० वनाकर पीड़िता के अश्लील फोटो लगाकर ब्लैकमेल करता है। पीड़िता के विरोध करने पर विक्की पीड़िता को धमका कर कहता है कि तू मुझे दो लाख रुपए दे दे नहीं तो मैं तेरी अशलील फोटो व वीडियों नैट पर वायरल कर देगें उक्त घटना की जानकारी पीड़िता ने अपनी बडी बहन को बताई तो बहन ने विक्की से फोन पर बात कर समझाने का प्रयास किया तो विक्की ने धमकाते हुए कहा कि तुझे जो करना है वो करले मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड पायेगा जिससे पीड़िता विक्की से बहुत ही परेशान है पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाई है कि पीड़िता की सही तरीके से जांच कराकर इस दबंग पर कानूनी कार्रवाई करके पीड़िता को न्याय दिलाया जाए।

## पुलिस द्वारा उचित धाराओं में मुकदमा न दर्ज करने का लगाया आरोप एसपी से शिकायत

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एसपी से शिकायत की है कि पीड़ित की पुत्री के साथ युवक द्वारा दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है जिसमें पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल न कराकर हल्की फुल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि 30, जुलाई को मेरी 6 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ अभियुक्त द्वारा बलात्कार किया गया। इस संबंध में 31, जुलाई को थाना कोतवाली, मैनपुरी में एफआईआर दर्ज की गई किन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि मेरी पुत्री के साथ बलात्कार होने के बावजूद पुलिस द्वारा केवल भारतीय न्याय संहिता (इठर) पोक्सो एक्ट धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि घटना के वास्तविक तथ्यों के अनुसार यदि साक्ष्य इसका समर्थन करते हैं। कि पीड़ित की पुत्री का पुन: चिकित्सीय परीक्षण कराकर उक्त मुल्जिमान के विरुद्ध बलात्कार से संबंधित लागू धाराओं का जोड़ा जाना न्यायहित में आवश्यक है। इतना ही नहीं, अभियुक्त एवं उसके परिजन लगातार मेरे तथा मेरे परिवार पर राजीनामा (समझौता) करने का दबाव बना रहे हैं तथा जान-माल की धमकियाँ दे रहे हैं। हमें भय है कि यदि अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह साक्ष्यों से छेड़छाड़ करेगा, गवाहों को प्रभावित करेगा तथा मेरे परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए गुहार लगाई है कि पीड़ित के उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पीड़ित की पुत्री का पुन: चिकित्सीय परीक्षण कराकर बलात्कार की धारायें जोड़कर मुल्जिम पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए।

# 60 डिग्री झुका बिजली का पोल, लकड़ी के सहारे चल रही विद्युत व्यवस्था, बड़े हादसे का इंतजार कर रहा विभाग

टीएनएफ टुडे, करहल।



तखरऊ विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाँसक में बिजली विभाग की लापरवाही ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ सकती है। गांव में एक विद्युत पोल करीब 60 डिग्री तक झुक चुका है, जिसे अस्थायी रूप से लकड़ी के सहारे टिकाकर खड़ा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग इस गंभीर समस्या से पूरी तरह अवगत होने के बावजूद चुप्पी साधे बैठा है। ग्रामीणों के अनुसार झुका हुआ पोल कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

बरसात और तेज हवा के दौरान स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। पोल के गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ लोगों की जान-माल को भी नुकसान पहुंच सकता है।

गांववासियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभाग द्वारा न तो पोल बदला गया और न ही उसे सुरक्षित करने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की गई।

केवल लकड़ी के सहारे पोल को टिकाकर काम चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते झुके हुए पोल को नहीं बदला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह विद्युत विभाग की होगी।

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम बाँसक में मौके का तत्काल निरीक्षण कर झुके हुए पोल को बदलवाया जाए तथा विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# श्री शिव महापुराण के छठवें दिवस में नारद मोह की कथा सुनाई गई

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

घिरोर विकासखंड क्षेत्र के मैनपुरी शिकोहाबाद रोड स्थित ग्राम अलालपुर महानंद अवधूत फाउंडेशन आश्रम पर चल रही 31 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस में नारद मोह की कथा सुनाते हुए कथा व्यास मिथिलेश दास जी महाराज वृंदावन धाम ने कहा कि महिऋषी नारद मुनि ने कठोर तपस्या के बल पर कामदेव को पराजित कर दिया जिससे नारद जी के मन में सूक्ष्म अहंकार आ गया क्यों उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली नारद जी ने यह बात भगवान शिव जी को बताई कि हमने अपने तपोबल से कामदेव को परास्त कर विजय प्राप्त कर ली है भगवान शिव ने नारद जी से कहा कि यह बात विष्णु जी से ना कहना लेकिन अहंकार के कारण वस नारद जी ने भगवान विष्णु के पास पहुंचकर यह बात विष्णु जी को सुनाई इधर शील निधि के राजा की पुत्री विश्व मोहिनी के स्वयंवर हो रहा था जिसमें नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो गए और भगवान विष्णु से उनके ही जैसा सुंदर रूप मांगा विष्णु भगवान ने नारद जी का मुख बंदर जैसा बना दिया नारद जी को इस बात का पता नहीं चल सका जब नारद जी स्वयंवर में पहुंचे तो नारद जी का चेहरा देखकर सभी हंसने लगे वहीं विश्व मोहिनी ने सबको छोड़कर भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल दी नारद जी ने जब पानी में अपना चेहरा देखा तो नारद जी को भगवान विष्णु पर क्रोध आ गया और क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दे दिया की आपको भी मेरी तरह स्त्री के वियोग में तड़पना पड़ेगा तब आपकी सहायता बंदर ही करेगा तभी भगवान ने अपनी माया हटाई तो नारद जी को अपनी भूल का एहसास हुआ तब नारद जी के समझ में आया कि भगवान की माया अति बलवान है और भक्त के अहंकार को तोड़ने के लिए भगवान ने लीला रची थी। इस अवसर पर रत्नेश भदोरिया, रामनरेश, शिवपाल, सुधीर, शमशेर, सत्यपाल, रामकुमार, रामकरन, सचिन दुबे, सुखराम सिंह, लक्ष्मी नारायन, राजेश बघेल आदि काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

## आशा एवं आशा संगिनी बहनों ने बकाया मानदेय को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

आशा एवं आशा संगिनी बहनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए काफी संख्या मेंअपनी मांगों को लेकर जिला अधिकारी को एक ज्ञापन सोपा जिसमें बताया गया है कि जिले की समस्त आशा एवं आशा संगिनी बहनें पिछले कई महीनों से अपने बकाया मानदेय की प्रतीक्षा कररही है। निरंतर सेवा देने के बाबजूद भुगतान न होना हमारे जीवन-निर्वाह और पारिवारिक जिम्मेदारियों पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है सभी आशा एवं आशा संगिनियों का बकाया मानदेय शीघ्र भुगतान किया जाए। हमें राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाए ताकि अन्य कर्मचारियों की तरह हमें भी समान अधिकार, सुरक्षा एवं सुविधाएँ प्राप्त हों। अन्य राज्यों की भाँति निश्चित (फिक्स) मासिक मानदेय निर्धारित किया जाए। हमारे कार्य एवं जिम्मेदारी के अनुरूप इंसेंटिव (प्रोत्साहन राशि) में पर्याप्त वृद्धि की जाए। आशा संगिनी बहनों ने बताया कि हमने अपनी इन मांगों से प्रशासन को अनेक बार अवगत कराया है। परन्तु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस कारण हम सभी ने कलमबंद हड़ताल प्रारम्भ कर दी है। आशा बहनों एवं आशा संगिनीयो ने जिला अधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए मांग की है कि हमारी उपरोक्त मांगों पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लिया जाए। यदि आगामी दिनों में भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र रूपलेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं शासन की होगी। हम शान्ति और अनुशासन बनाए रखते हुए अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखूंगी। इस मौके पर रेखा, ममता, सुदामा, विमलेश, आरती, रचना, कमला, नीलम, रेनू, नीतू, अर्चना, पुष्पा, शोभा, ऊषा, रीना, बबली, संगीता, शाविया, ज्योति आदि आशा एवं आशा संगिनी बहने मौजूद थी।

## महानंद अवधूत आश्रम पर चल रहा है 31 दिवसीय शिवजी का महा रुद्राभिषेक

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

घिरोर विकास खंड क्षेत्र के महानंद अवधूत फाउंडेशन आश्रम पर 31 दिवसीय भगवान भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन 9:00 बजे से 11:00 बजे तक भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया जाता है।

क्षेत्र के मैनपुरी शिकोहाबाद रोड ग्राम अलालपुर स्थित महानंद अवधूत फाउंडेशन आश्रम पर 31 दिवसीय भगवान शिव जी का महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है आचार्य राजू पांडे द्वारा सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक रुद्राभिषेक कराया जा रहा है रुद्राभिषेक के बाद 3:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक कथा व्यास मिथिलेश दास जी वृंदावन धाम के द्वारा महाशिवपुराण कथा पाठ को, भक्तजनों को श्रवण कराया जा रहा है। आश्रम के संस्थापक सुखदेव महाराज जी ने बताया कि भगवान शिव का रुद्राभिषेक ओम नमः शिवाय महामृत्युंजय मंत्र और रूद्र गायत्री मंत्र का मुख्य रूप से जाप किया जाता है भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने से शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है जिससे मानसिक शांति मिलती है व सभी प्रकार के ग्रह दोष व संकट दूर होते हैं और सुख समृद्ध की प्राप्ति होती है।

# कौशल विकास मिशन के तहत किया जायेगा दिव्यांग जन रोजगार मेला का आयोजन

## मैनपुरी प्रधानाचार्य, जिला समन्वयक राजकीय आई.टी.आई. ने बताया कि उ.प्र.

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

कौशल विकास मिशन, सेवायोजन एवं राजकीय आई.टी.आई. के तत्वाधान में दि. 10 अगस्त तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 का आयोजन किया जायेगा, अभियान का उदेदश्य जनपद के दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है, जनपद स्तर पर संचालित औद्योगिक इकाईयों एवं अन्य संस्थानों में उपलब्ध रिक्त पदों के सापेक्ष जनपद तथा जनपद के बाहर के दिव्यांगजनों को सेवायोजन विभाग एवं कौशल विकास मिशन, राजकीय आई.टी.आई. के माध्यम से दि. 06 अगस्त एवं 10 अगस्त को राजकीय आई.टी.आई. परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में इच्छुक दिव्यांगजन लाभार्थी रोजगार, स्वरोजगार से जुड़ना चाहते है वह सभी दिव्यांगजन दि. 06 अगस्त एवं 10 अगस्त को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में उपस्थित होकर उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

यहां उन्हें विभिन्न कम्पनियों में रोजगार हेतु साक्षात्कार के उपरान्त नौकरी पाने का अवसर मिलेगा साथ ही स्वयं का रोजगार करने हेतु जिला उद्योग उद्यम एवं प्रोत्साहन केन्द्र द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से कर मुक्त ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला समन्वयक उ.प्र. कौशल विकास मिशन ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभार्थियों से इस अभियान से जुड़ने एवं रोजगार मेले में प्रतिभाग कर लाभ उठाने की अपील की है।

# डीएम और एसपी ने गोताखोरों को वितरित की टी-शर्ट




■ कांवड़ यात्रा में कबाड़ियों की भीड़ के बीच आसान होगी पहचान
■ गोताखोरों को दी कर्तव्य पालन की सीख, दीए टिप्स

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

गंगा घाटों पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम , एसपी कलेक्ट्रेट सभागार में 28 गोताखोरों को टी-शर्ट वितरित कीं। अधिकारियों ने गोताखोरों को कर्तव्य पालन की सीख देते हुए सुरक्षा के टिप्स दिए।

डीएम प्रणय ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गोताखोरों को एक जैसी टी-शर्ट उपलब्ध कराए जाने से उनकी अलग एवं स्पष्ट पहचान बनेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालु उन्हें आसानी से पहचानकर सहायता प्राप्त कर सकेंगे। डीएम ने गोताखोरों से पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने निर्देश दिए कि सभी गोताखोर निर्धारित स्थलों पर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कि प्रशासन कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है।

## बिना बताए मथुरा घूमने चले गए तीन बच्चे, सकुशल बरामद

**टीएनएफ टुडे, कासगंज:** शहर से बिना बताए घर से निकले तीन बालकों को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 12 घण्टे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। एसपी ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-03 से लापता 03 बच्चों को मथुरा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। घटनाक्रम के अनुसार सोमवार को आवास विकास कॉलोनी सेक्टर तीन निवासी 3 बच्चे घर से लापता हो गया। परिजनों के अनुसार बच्चे शाम करीब 07:00 बजे पार्क में खेलकर घर आए और साइकिल खड़ी कर बिना बताए चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया, सामाजिक संगठनों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से बच्चों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर बच्चे कासगंज-बरेली मार्ग की तरफ जाते दिखे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तत्काल 02 टीमों का गठन किया गया। एक टीम को बदायूं-बरेली तथा दूसरी टीम को मथुरा रवाना किया गया। अथक प्रयासों के फलस्वरूप मथुरा भेजी गई टीम द्वारा आज मंगलवार को समय 07:30 बजे तीनों बच्चों को द्वारकाधीश मंदिर, मथुरा से सकुशल बरामद कर लिया गया।

# बसपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रहे राय साहब ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का दामन, हाथरस में कांग्रेस का बढ़ा जनाधार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



कांग्रेस कार्यालय, हाथरस पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष पं॰ विवेक उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश चन्द्र ने किया।

बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ गठन, सदस्यता अभियान, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान संगठन विस्तार को बड़ी मजबूती मिली। बसपा के पूर्व प्रत्याशी रहे श्री राय साहब ने अपने लगभग 50 समर्थकों के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1993 में बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे तथा डी.एस.-4 के प्रत्याशी के रूप में सिकंदराराऊ विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। हाल ही में वे आजाद समाज पार्टी में लोकसभा प्रभारी के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। श्री राय साहब ने कहा कि वे नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी की जनहित, सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा एवं देश को जोड़ने की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस परिवार में शामिल हुए हैं।

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से साधना राय, राधा देवी, कुसमा देवी, मोहन सिंह, राकेश गौतम, बादाम सिंह, नरेंद्र सिंह, मुकंदी लाल, अब्दुल हमीद, धनी राम, विजयपाल सिंह, कालीचरण, साहब सिंह, जयवीर सिंह राणा, सी.पी. सिंह, अभिमन्यु राय, वंश यादव, धीरेंद्र पाल सेलानी, संजय सिंह, नरेश सिंह, अमरपाल सिंह, राजेंद्र कुमार एडवोकेट, श्यामवीर सिंह, शेर सिंह, मेघ सिंह, चांदपाल मिस्त्री, रामजी लाल, बुद्धसेन कोरी, जितेंद्र नंदवंशी, तेजपाल भगत, जैनुद्दीन, कृपाल सिंह, देवेंद्र गोस्वामी, सियाराम, रामदास सिंह, गजेन्द्र सिंह, ज्ञान सिंह, सतेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रतन सिंह, पप्पू (अकबरपुर), भगवान सिंह, हरेंद्र सिंह, रामनिवास सिंह सहित बड़ी संख्या में बसपा एवं आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पं॰ विवेक उपाध्याय ने सभी नवागंतुक साथियों का कांग्रेस का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

पं॰ विवेक उपाध्याय ने कहा कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश को जोड़ने, संविधान की रक्षा करने और हर वर्ग को न्याय दिलाने वाली विचारधारा की पार्टी है।

नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी द्वारा बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, युवाओं और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर किए जा रहे संघर्ष से आज देश का हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। यही कारण है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों पर विश्वास जताते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं।

श्री राय साहब का अपने साथियों सहित कांग्रेस परिवार में शामिल होना संगठन के लिए बड़ी मजबूती है। कांग्रेस में प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी मिलेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच जाएगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाया जाएगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि, हाथरस में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। राहुल गांधी जी की जनहित की राजनीति और कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता परिवर्तन चाहती है। हम सभी कार्यकताओं के सहयोग से प्रत्येक बूथ तक संगठन को मजबूत करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रकाश शर्मा (कोऑर्डिनेटर, मथुरा), ब्रह्मदेव शर्मा (पूर्व जिलाध्यक्ष), मथुरा प्रसाद कुशवाह (पूर्व विधायक प्रत्याशी, सादाबाद), संजीव अंधीवाल, अशोक गुप्ता, ऋषि गुरु, अविनाश पचौरी, देवेन्द्र शर्मा, कपिल सिंह, श्रीकृष्ण एडवोकेट, संतुन सेंगर, रंगीला शर्मा, कृपेंद्र चौहान, रवि मोहम्मद, जैन साहब, गोविंद सरन चतुर्वेदी, गिर्राज सिंह गहलोत, योगेश शर्मा, करण सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दतिया की जीत पर झूम उठे कांग्रेसी, बांटी मिठाई

### जिला अध्यक्ष बोले अब आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है

■ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे मीठा खिलाकर किया खुशी का इजहार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



मध्यप्रदेश की दतिया सीट के उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को मिली जीत पर कांग्रेस कार्यकताओं ने जश्न मनाया, मिठाई बांटी एक दूसरे का मुँह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया।

गांधी मूर्ति स्थित कैंप कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनोज पांडे ने कहा कि दतिया के उप चुनाव के परिणाम ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाला समय कांग्रेस का है। हठधर्मी, और पाखण्डी अब सत्ता में नहीं रहेंगे। देश और जनता के हित की बात करने वाला ही सत्ता की धुरी रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार होगी। अब वो समय आने वाला है जब देश मे जनता का शासन होगा। विमल कुमार, प्रतिभा सिंह, दीप कुमार पांडे, गुलफान सिंह, देश बंधु बघेल, राजा सलमानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रसोइयों ने बीईओ का पुतला भी फूंका, प्रदर्शन में दो रसोइया बेहोश

**अलीगढ़।** गोंडा में सोमवार को परिषदीय विद्यालयों की सैकड़ों रसोइयों ने मानदेय वृद्धि और खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की कार्यशैली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गोंडा विकास खंड के बीआरसी केंद्र पर हुआ, जहां रसोइयों ने बीईओ का पुतला भी फूंका। प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक गर्मी और उमस के कारण दो महिला रसोइया बेहोश हो गईं। साथी रसोइयों ने उन्हें संभाला और प्राथमिक उपचार दिया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रसोइयों ने बीएसए को संबोधित एक मांग-पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि वे स्कूलों में बच्चों के लिए खाना बनाने, बर्तन साफ करने और स्कूल की साफ-सफाई सहित 5 घंटे से अधिक समय तक कार्य करती हैं, जिसके बदले उन्हें मात्र 2000 रुपये मानदेय मिलता है।

# अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेन्द्र सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में मंगलवार की परेड की ली गई सलामी

■ शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को लगवाई गई दौड़।
■ पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा परेड में सम्मलित सभी पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की निर्धारित वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात सभी पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पीआरवी-112 के वाहनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक वाहनों के लाईट, हूटर व पीए सिस्टम आदि की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। रिस्पॉन्स टाइम सही रखने हेतु सख्त हिदायत दी गयी।

इस दौरान द्वारा मेंस, कैंटीन, बैरक, पुलिस आवासीय परिसर तथा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन एटा का निरीक्षण कर परिसर की समग्र व्यवस्था, बैरक, साफ सफाई आदि का जायजा लिया गया। सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ साथ उनके रहने खाने-पीने एवं अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी कर समस्या का निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। परेड के दौरान प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल गौतम सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## 16वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर अंगदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**एटा।** वीरांगना अवन्तीबाई लोधी ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, एटा में आज 16वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह के कुशल निर्देशन एवं गरिमामयी उपस्थिति में अंगदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शरीर रचना विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक परासर ने एमबीबीएस विद्यार्थियों एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलाई तथा अंगदान के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी को अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करने और अंगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंगदान एक महान मानवीय कार्य है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने सभी को अंगदान करने की अपील की तथा इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए सभी को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अंगदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, जिससे अनेक जीवन बचाए जा सकें।कार्यक्रम में डॉ. मंजरी कुमारी (सांस्कृतिक प्रभारी), डॉ. मंजेश कुमार (सहायक आचार्य) एवं डॉ. रवीन्द्र कुमार (सहायक आचार्य) सहित संकाय सदस्य, एमबीबीएस छात्र-छात्राएँ, सीनियर जूनियर रेजिडेंट एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस जीवनदायी अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था।

## 05 से 18 अगस्त तक निःशुल्क राशन का वितरण, पात्र लाभार्थी समय से प्राप्त करें खाद्यान्न



**एटा।** जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को 01 जनवरी 2024 से आगामी पाँच वर्षों तक निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत समस्त व्ययभार भारत सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है तथा वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के अन्तर्गत पोर्टेबिलिटी सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि माह अगस्त 2026 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 05 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 08 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से सायं 06 बजे तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से किया जाएगा। अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूँ एवं 14 किलोग्राम चावल (कुल 35 किलोग्राम) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 03 किलोग्राम गेहूँ एवं 02 किलोग्राम चावल (कुल 05 किलोग्राम) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो वितरण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। जिन लाभार्थियों के अंगूठे अथवा अंगुली का सत्यापन ई-पॉस मशीन पर नहीं हो सकेगा, उन्हें 18 अगस्त 2026 को मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र राशन कार्डधारकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में अपने निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें। राशन वितरण से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा समस्या के लिए संबंधित विकास खण्ड के पूर्ति निरीक्षक अथवा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।सान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लखन यादव ने कहा कि यदि किसानों और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और प्रशासन की होगी।

# विद्युत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



जलेसर एवं बेरनी विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्याओं, डैमेज ट्रांसफार्मरों को समय पर न बदले जाने तथा बार-बार ट्रिपिंग से परेशान किसानों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने मुख्यमंत्री के नाम अधीक्षण अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा द्वारा डैमेज ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर बदलने एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जलेसर एवं बेरनी क्षेत्र में इनका प्रभावी पालन नहीं हो रहा है। इससे किसानों और आम उपभोक्ताओं को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाकियू (भानू) ने मांग की है कि जलेसर एवं बेरनी क्षेत्र में खराब होने वाले सभी ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के भीतर बदला जाए। बेरनी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाकर अनावश्यक बिजली कटौती बंद कराई जाए तथा बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए। साथ ही अधिशासी अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा दोनों उपकेंद्रों का नियमित स्थलीय निरीक्षण कराया जाए।

लखन यादव ने बताया क्षेत्र में बार-बार ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के कारणों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई, बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने, नगवाई गांव में ट्रांसफार्मर एवं डीपी की ओवरलोड समस्या का तत्काल समाधान कराने तथा जर्जर बंच केबलों को बदलवाने की मांग की । भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लखन यादव ने कहा कि यदि किसानों और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग और प्रशासन की होगी।

## परिवार छत पर और चोरों ने दीवार काटकर घर में करली लाखों की चोरी

**अलीगढ़।** सोमवार को बरला थाना क्षेत्र के ग्राम इज्जतपुर निवासी विजय कुमार पुत्र भूरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। सुबह लगभग 4 बजे जब उनकी पत्नी पशुओं को चारा डालने के लिए नीचे आईं, तो उन्होंने देखा कि घर की दीवार कटी हुई थी और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। विजय कुमार के शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 4,000 रुपये नकद चुरा ले गए। इस घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दे दी गई है।

## रविदास जी की पवित्र जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से आई 'पावन कलश रथ यात्रा' का आज ककरावली मंडल में हुआ भव्य स्वागत



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं पावन जयंती वर्ष के शुभ उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत पूज्य गुरुदेव रविदास जी की पवित्र जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से आई ह्यपावन कलश रथ यात्राह्न का आज ककरावली मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय निवासियों और पार्टी कार्यकताओं द्वारा अत्यंत भव्य, उत्साहपूर्ण एवं भावपूर्ण स्वागत-अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित समरसता कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने संत रविदास जी के विचारों और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा:

"संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, बंधुत्व, करुणा और ऊँच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में पिरोने का मार्गदर्शक दीपस्तंभ है। उनका कालजयी विचार 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी हम सभी को मन की शुद्धता, आचरण की पवित्रता और निस्वार्थ समाज सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। भाजपा संत रविदास जी के दिखाए समानता और समरसता के मार्ग पर चलने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।"

**श्री गुप्ता ने आगे कहा:**

"सीर गोवर्धनपुर की पवित्र माटी से लाया गया यह कलश केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि समाज से भेदभाव मिटाकर बंधुत्व की भावना जगाने का एक संकल्प है। इस पावन अवसर पर मैं यात्रा में उपस्थित सभी देवतुल्य कार्यकताओं, सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं अपार संख्या में पधारे गुरुभक्तों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और साधुवाद दे?

# टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में की जाए शीघ्रता

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।




मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जनपद में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस दौरान नियमित टीकाकरण कार्यक्रमऔर आयुष्मान कार्ड बनने में शीघ्रता के निर्देश दिए गए।

सीडीओ वीरेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति की जाए। उन्होंने विशेष रूप से टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। इसी क्रम संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा भी की गई सीडीओ ने नगरीय क्षेत्रों में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा दवा के छिड़काव की धीमी प्रगति पर समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्थानों पर माइक्रोप्लान के अनुसार फॉगिंग एवं दवा का छिड़काव कराया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के समस्त ग्रामों में नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई एवं एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव सुनिश्चित कराया जाए।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय अंतर-विभागीय बैठक में बताया गया कि दिनांक 14 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 18 अगस्त 2026 को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीकांत, आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. उत्कर्ष यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीएम पवन कुमार, डीसीपीएम के.पी. सिंह उपस्थित रहे।

# तटवर्तीय खेतों में भरा पानी, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

■ बैराजों से पानी के डिस्चार्ज ने आई कुछ कमी
■ कछला ब्रिज पर पानी का दबाव, गेज 162.26मीटर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

कछला गंगा नदी अब उफान पर है। बढ़ता जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। गंगा का पानी तटवतीय ग्रामों की फसली भूमि की ओर रुख कर चुका है, खेतों में पानी भर गया है फसल का नुकसान देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग और प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। मंगलवार को बैराजों से गंगा नदी ने पानी का डिस्चार्ज भले ही कम हुआ है लेकिन गंगा की रौद्रता थमने का नाम नहीं ले रही है।



गंगा का पानी पटियाली क्षेत्र में ग्रामों की ओर रुख कर चुका है और दायरा बढ़ कर फसली भूमि तक जा पहुंचा है खेतों में पानी भर गया है। बैराजों से निरंतर पानी का डिस्चार्ज गंगा नदी में हो रहा है जिससे गंगा के जल स्तर में और अधिक बढ़ोत्तरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। डीएम प्रणय सिंह ने सभी राजस्व कर्मियों , सिंचाई विभाग के कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों को भी अलर्ट रहने को कहा है ।

डीएम ने बाढ़ चौकियों का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने को निर्देशित किया है।

**बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज।**

हरिद्वार बैराज: 99747क्यूसेक
बिजनौर बैराज: 97717क्यूसेक
नरौरा बैराज:124173 क्यूसेक
गंगा नदी में पानी का स्तर
जिले की सीमा में वह रही कछला स्थित गंगा नदी में पानी का स्तर मंगलवार को 162.26 रिकार्ड किया गया है।

गंगा नदी का जल स्तर निरन्तर बढ़ रहा है किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने को पूरी तैयारी है, जिला अधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैदी बनाए हुए हैं सभी बाढ़ चौकियों सक्रिय है बाढ़ का पानी तट वर्तीय कई ग्रामों की फसलों में जा घुसा है।

-शरद सौरभ गिरि, अधिशाषी अभियंता सिंचाई

# यूपी: 59,019 करोड़ रू. का अनुपूरक बजट पेश

## उद्योग, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और महिला कल्याण को मिला बड़ा प्रोत्साहन

एजेंसी, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ रू. का अनुपूरक बजट सदन में प्रस्तुत किया। अनुपूरक मांगों के अनुरूप प्रस्तावित अनुपूरक बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अनुपूरक बजट का कुल आकार 59,019.54 करोड़ रू. है। प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17,399.50 करोड़ रू. तथा पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रू. रखा गया है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय पर विशेष बल देने का उद्देश्य प्रदेश में सड़क, ऊर्जा, उद्योग, चिकित्सा, ग्रामीण विकास तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार करना है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिले।

इस अनुपूरक बजट के माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को गति देना, नई जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा आधारभूत संरचना को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित अनुपूरक बजट में नई मांगों के लिए 7,854.25 करोड़ रू. की व्यवस्था की गई है। इससे सरकार नई



विकास परियोजनाओं के साथ-साथ पहले से चल रही योजनाओं को भी और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेगी।

### समाज कल्याण और महिला सशक्तीकरण पर भी जोर

सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग को 1,655 करोड़ रू. आवंटित किए हैं। वहीं महिला कल्याण विभाग के लिए 1,094.40 करोड़ रू. की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं के सशक्तीकरण, सुरक्षा और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को मजबूती मिलेगी।

### सड़क और आधारभूत ढांचे का होगा विस्तार

अनुपूरक बजट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 700.01 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग सड़क निर्माण, पुलों तथा अन्य आधारभूत ढांचागत परियोजनाओं को गति देने में किया जाएगा।

### वित्तीय अनुशासन पर सरकार का जोर

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाटा (फिसकल डेफिसिट) निर्धारित सीमा के भीतर है, जो सरकार के वित्तीय अनुशासन और बेहतर आर्थिक प्रबंधन का प्रमाण है। सरकार विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### उद्योग और निवेश को सबसे बड़ी प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 22,107.88 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की जा सकेगी।

### गांवों के विकास पर विशेष फोकस

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी बड़ी प्राथमिकता दी है। इसके लिए ग्राम विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायत विकास, ग्रामीण आजीविका, मूलभूत सुविधाओं तथा गांवों में विकास कार्यों को गति देने में किया जाएगा।

### ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगा बड़ा निवेश

प्रदेश में बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार के लिए ऊर्जा विभाग को 7,422.27 करोड़ रू. की अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ औद्योगिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

अनुपूरक बजट में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 2,000.25 करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है। इस राशि से अस्पतालों की सुविधाओं का विस्तार, चिकित्सा सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

### 9.71 लाख करोड़ से अधिक हुआ राज्य का कुल बजट

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का मूल बजट 9,12,696.35 करोड़ रू. था, जिसमें राजस्व व्यय 6,64,470.55 करोड़ रू. तथा पूंजीगत व्यय 2,48,225.80 करोड़ रू. निर्धारित किया गया था। अब 59,019.54 करोड़ रू. के अनुपूरक बजट को शामिल किए जाने के बाद राज्य का कुल बजट बढ़कर 9,71,715.89 करोड़ रू. हो जाएगा। इसमें राजस्व व्यय बढ़कर 6,81,870.05 करोड़ रू. तथा पूंजीगत व्यय 2,89,845.84 करोड़ रू. हो जाएगा। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने अतिरिक्त संसाधनों का बड़ा हिस्सा विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना और जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार के लिए पूंजीगत निवेश पर केंद्रित किया है।

---

पटना की सड़कों पर छात्रों का बड़ा बवाल!

# सीएम आवास मार्च में तोड़ी बैरिकेडिंग, पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछार

एजेंसी, पटना।

बिहार की राजधानी पटना में मंगलवार को भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, रोजगार और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर निकाला गया छात्र मार्च उस समय उग्र हो गया, जब प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने के दौरान पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

पूरे घटनाक्रम के दौरान राजधानी के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। पटना विश्वविद्यालय से जुड़े एनएसयूआई समेत कई छात्र संगठनों के संयुक्त आह्वान पर हजारों छात्र जेपी गोलंबर से मुख्यमंत्री आवास मार्च के लिए निकले। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। पुलिस ने पहले से ही जेपी गोलंबर, आयकर गोलंबर और डाकबंगला चौराहे सहित कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। जैसे ही छात्रों ने बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़ने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

इस दौरान दोनों पक्षों के बीच



धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति तनावपूर्ण होने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। बाद में प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पानी की तेज बौछार की गई। इसके बाद कई छात्र सड़क पर बैठ गए और वहीं विरोध प्रदर्शन जारी रखा। पुलिस ने उन्हें समझाकर सड़क किनारे हटाया और आगे बढ़ने से रोक दिया। प्रदर्शन के कारण जेपी गोलंबर से डाकबंगला चौराहे तक यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

गांधी मैदान थाना क्षेत्र समेत मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मौके पर वाटर कैनन और अन्य सुरक्षा संसाधनों को भी तैयार रखा गया था। प्रदर्शनकारी छात्रों ने भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर रोक लगाने, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने की मांग की।

---

आरएसएस का बड़ा फैसला

# 100 से ज्यादा शहरों में Gen-Z से बात करेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल में हुए छात्र-युवा प्रदर्शन के बाद देश में नई पीढ़ी के साथ संवाद को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इसी बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं, खासकर Gen-Z से सीधे संवाद की पहल करने का फैसला किया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत 6 अगस्त को देश के 100 से अधिक शहरों के छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करेंगे। यह कार्यक्रम 'इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइटेड नेशन्स' की 15वीं वर्षगांठ पर आयोजित वार्षिक चैंपियनशिप कॉन्फ्रेंस का हिस्सा होगा।

कार्यक्रम का आयोजन मुंबई स्थित अंबानी सेंटर में किया जाएगा,



जहां से मोहन भागवत देशभर के 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के हजारों विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। आयोजकों के अनुसार इस संवाद कार्यक्रम में 2,000 से अधिक छात्र प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से भाग ले सकते हैं। 100 से अधिक शहरों के छात्र होंगे शामिल जानकारी के अनुसार, इस विशेष संवाद कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक शहरों के छात्र जुड़ेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवा अपने विचार साझा करेंगे और भागवत से विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय तथा समसामयिक विषयों पर चर्चा कर सकेंगे।


IIMUN एक ऐसा मंच है, जो संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली और नेतृत्व क्षमता को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है। संस्था का दावा है कि वह 40 से अधिक देशों में सक्रिय है और लाखों छात्रों को नेतृत्व, संवाद और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ चुकी है। युवाओं से संवाद पर आरएसएस का जोर संघ की ओर से लंबे समय से युवाओं के साथ संवाद बढ़ाने की बात कही जाती रही है। हाल के वर्षों में मोहन भागवत कई सार्वजनिक मंचों से यह कह चुके हैं कि बदलते समय के साथ नई पीढ़ी की सोच, अपेक्षाओं और चुनौतियों को समझना आवश्यक है।

---

# 'ईरान के पास बातचीत का आखिरी मौका': ट्रंप ने तेहरान को फिर दी धमकी

एजेंसी, वॉशिंगटन।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ बातचीत जल्द ही किसी न किसी नतीजे पर पहुंच जाएगी। यह कोई बहुत मुश्किल बात नहीं है। हम होर्मुज को खोलने की बात कर रहे हैं। इसे



सचमुच मंगलवार तक खोल दिया जाएगा। पूरी तरह से खोल दिया जाएगा। ट्रंप ने आगे कहा कि यह पहला चरण है और दूसरे चरण में हम परमाणु मुद्दे पर बात करेंगे। इस मामले में हमारा रुख बहुत सख्त है। उनके (ईरान के) पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। बातचीत अभी भी चल रही है। यह उनके लिए आखिरी मौका है। एक अच्छे समझौते पर हस्ताक्षर करने का यह उनका अंतिम अवसर है।

### ईरानी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

दूसरी ओर ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को ट्रंप के 'अप्रत्यक्ष वार्ता' से जुड़े दावे को सिरे से खारिज कर दिया। बाघेई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, किसी प्रतिनिधि का स्वागत करने या फिर किसी को बातचीत के लिए भेजने की हमारी कोई योजना नहीं है। फिलहाल हमारी अमेरिका से कोई बातचीत नहीं चल रही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व के सामने दो विकल्प रखे कि समझौता करे या पूरी तरह आत्मसमर्पण। ट्रंप ने यह चेतावनी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक लंबे बयान के जरिये दी।इस बयान में ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर 'दोहरा रवैया' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि ईरान पहले बातचीत के लिए 'गिड़गिड़ा रहा था'। लेकिन बाद में सार्वजनिक रूप से कह दिया कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है। ट्रंप ने लिखा, ईरान इसे माने या न माने। लेकिन हम वास्तव में उस समस्या के समाधान को लेकर बात कर रहे हैं, जिसे उसने दशकों से पैदा किया है।

---

# संघ इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा, देश बर्दाश्त नहीं करेगा: राहुल



एजेंसी, नई दिल्ली।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि देश के छात्र दर्द में हैं। उन्हें ढट नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि ढट अपनी सरकार के कामों के लिए माफी मांगें।

उन्होंने कहा- छात्र सड़कों पर इसलिए हैं, क्योंकि फ्रर देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्व कांग्रेस सांसद वाइको की किताब के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### छात्रों के पास काम नहीं, परीक्षा में निष्पक्षता चाहते हैं

राहुल ने कहा, ₹हम अजीब दौर से गुजर रहे हैं, जहां छात्र सड़कों पर हैं, उनके पास काम नहीं है और वे परीक्षाओं में निष्पक्षता तथा एक बेहतर शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ पीएम उन्हें माफ कर रहे हैं। नहीं पता कि ढट को यह विचार कहां से आता है कि वे उन्हें या भारत के भविष्य को माफ कर सकते हैं।₹

### हर राज्य के साथ निष्पक्ष व्यवहार हो- राहुल

राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम या आरएसएस के पीछे एक खतरनाक विचार है। कुछ ऐसे नासमझ लोग हैं जो तमिल, मराठी और बंगाली लोगों को नहीं समझते और कहते हैं कि इनमें से कोई भी इतिहास या कल्पना काम की नहीं है। संविधान में स्पष्ट लिखा है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ है और राज्य भारत के लोगों की अभिव्यक्ति हैं।

### सैनिक स्कूलों में फ्रर की दखल बढ़ रही

राहुल गांधी ने मंगलवार को ही रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि सैनिक स्कूलों में फ्रर की दखल बेवजह बढ़ रही है। इस पर समिति के चेयरमैन राधा मोहन सिंह ने राहुल से अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने को कहा है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि राहुल जो भी दस्तावेज देंगे, उन्हें स्पष्टीकरण के लिए संबंधित मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

---

पीओके में प्रेस पर शिकंजा

# पत्रकार हिरासत में और इंटरनेट भी बंद, मीडिया संगठन ने उठाई आवाज

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) लगातार हुक्मरानों और सुरक्षा बलों की बर्बरता का शिकार हो रहा है। इन दिनों तनाव चरम पर है। इस बीच मीडिया की आवाज उठाने वाले स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने कब्जे वाले इस क्षेत्र में मीडिया कर्मियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इंटरनेट ब्लैकआउट, दूरसंचार सेवाओं पर रोक, रिपोर्टिंग पर पाबंदी और पत्रकारों को हिरासत में लेने या उन्हें अगवा करने जैसी घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया है।

प्रेस स्वतंत्रता संगठन 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' (सीपीजे) ने पाकिस्तानी अधिकारियों से पत्रकारों पर कार्रवाई तुरंत बंद करने, सूचना तक पहुंच बहाल करने और पीओके में स्वतंत्र रिपोर्टिंग की अनुमति देने की मांग की। सीपीजे ने पीओके में पत्रकारों पर जारी कार्रवाई को उजागर करते हुए कहा, स्वतंत्र कश्मीरी पत्रकार सैयद फरहाद अली शाह विरोध प्रदर्शनों की कवरेज के कारण अभी भी हिरासत में हैं।

---

# यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद पर तनाव बढ़ा: जॉर्डन ने आपात बैठक बुलाई

एजेंसी, अम्मान।

यरूशलम के सबसे पवित्र मुस्लिम धार्मिक स्थल अल-अक्सा मस्जिद परिसर पर इस्राइल के कब्जे के बढ़ते खतरे को लेकर पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव गहरा गया है। जॉर्डन ने इस स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए आगाह किया है कि अगर ऐतिहासिक धार्मिक व्यवस्था से खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो यह मामला पूरे क्षेत्र में एक भयानक धार्मिक युद्ध का रूप ले सकता है। इस संकट पर चर्चा करने के लिए जॉर्डन ने अरब और इस्लामिक जगत के देशों के विदेश मंत्रियों की बुधवार को आपातकालीन बैठक बुलाई



है। अंतरराष्ट्रीय समझौतों और ऐतिहासिक परंपरा के तहत अल-अक्सा मस्जिद और डोम ऑफ द रॉक (कुब्बत अल-सखरा) परिसर की देखरेख जॉर्डन का राजपरिवार करता है। नियम के मुताबिक, इस परिसर में केवल मुसलमानों को ही नमाज अदा करने की इजाजत है, लेकिन यह यहूदियों के लिए भी पवित्र स्थल (टेंपल माउंट) माना जाता है। हाल के दिनों में इस्राइल के सरकार समर्थित कुछ गुटों की ओर से इस परिसर में घुसपैठ की घटनाएं बढ़ी हैं। 23 जुलाई को इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर की अगुआई में लगभग 2,000 से अधिक इस्राइली नागरिक परिसर में प्रवेश कर धार्मिक अनुष्ठान किए।

### यहूदियों के प्रवेश पर जॉर्डन ने जताई चिंता

जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि अल-अक्सा की यथास्थिति से छेड़छाड़ करना एक चिंगारी की तरह है। यरूशलम बारूद का ढेर बन चुका है। अगर यह आग भड़की, तो इसका असर केवल फलस्तीन या जॉर्डन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरे इस्लामिक जगत को अपनी चपेट में ले लेगा। सफादी की ओर से बुलाई गई आपात बैठक में अरब लीग के सदस्यों के अलावा तुर्की, इंडोनेशिया, मलेशिया और पाकिस्तान जैसे प्रमुख मुस्लिम देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। जॉर्डन की कोशिश है कि कानूनी और राजनयिक रास्तों के जरिये इस्राइल पर वैश्विक दबाव बनाया जा सके।

---

# मुनीर-नकवी ने मिलकर कर दिया खेल, पाकिस्तान में तख्तापलट होने वाला है?

एजेंसी, इस्लामाबाद।

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने पिछले 21 सालों के सबसे बड़े घोटाले का खुलासा करते हुए कहा है कि देश का प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से विफल हो गया है। इससे पाकिस्तान को दुनिया भर में शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। नकवी ने जजों, राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नतीजतन, पाकिस्तान में बड़े राजनीतिक घटनाक्रम और सत्ता परिवर्तन की संभावना को लेकर फिर से अटकलें लगाई जा रही हैं। इंटरनेशनल एनालिस्ट्स के अनुसार, मोहसिन नकवी तेजी से एक मीडिया प्रमुख से एक ताकतवर राजनीतिक नेता बन गए हैं। लंबे समय से उनकी प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रही है। माना जाता है कि सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस भूमिका में नकवी का सीधे तौर पर समर्थन करते हैं, क्योंकि नकवी को जनरल का बेहद करीबी माना जाता है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने मोहसिन नकवी के लगातार बयानों से नाराज होकर उन पर तीखा हमला किया है। आसिफ ने कहा कि नकवी पिछले तीन सालों से बहुत ताकतवर पद पर हैं और प्रधानमंत्री के प्रति भी जवाबदेह नहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर इतनी ज्यादा ताकत वाला व्यक्ति शिकायत कर रहा है, तो बाकी मंत्रियों को घर चले जाना चाहिए। आसिफ ने कैबिनेट की बैठकों और संसदीय



सत्रों में नकवी की कम भागीदारी की भी आलोचना की। आसिफ ने नकवी को यह सलाह भी दी कि वे अपने मंत्रालय और ढउइ से ही सिस्टम में बदलाव करना शुरू करें।पाकिस्तान की राजनीति पर करीब से नजर रखने वाले बताते हैं कि मोहसिन नकवी लंबे वक्त से प्रधानमंत्री बनने की महत्वकांक्षा रखते हैं। मोहसिन नकवी के इन बयानों के पीछे सीधे सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर का हाथ है। नकवी को जनरल मुनीर का बेहद करीबी और रिश्तेदार माना जाता है। मुनीर ने संघर्ष के दौरान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता के लिए भी मुनीर ने शहबाज सरकार को दरकिनार कर नकवी को ही अपना विशेष प्रतिनिधि बनाया था।

---

# ईरान का कुवैत में अमेरिकी बेस पर हमला, ओमान तट पर जहाज निशाने पर


एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान।

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता से पहले पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंगलवार सुबह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े कथित ड्रोन हमलों और समुद्री सुरक्षा से जुड़ी एक अलग घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा चिंताओं को और गहरा कर दिया है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसके पास समझौते का "आखिरी मौका" है।

कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले का दावा मंगलवार सुबह कुवैत में स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे को कम से कम तीन ड्रोन से निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह हमला ईरान की आईआरजीसी से जुड़ा था। हालांकि, इस घटना को लेकर अमेरिका, कुवैत या ईरान की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। साथ ही किसी प्रकार के नुकसान या हताहत होने की भी पुष्टि नहीं हुई है। स्वतंत्र स्रोतों से भी इस दावे का सत्यापन नहीं हो सका है।

ओमान के तट के पास मालवाहक जहाज पर हमला इसी बीच ब्रिटेन की यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने जानकारी दी कि ओमान के तट के निकट एक मालवाहक जहाज किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल की चपेट में आया। एजेंसी ने घटना की जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र से गुजरने वाले सभी व्यापारिक जहाजों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि प्रोजेक्टाइल किसने दागा और घटना के पीछे किसका हाथ हो सकता है। समुद्री सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं।

ट्रंप की ईरान को कड़ी चेतावनी इन घटनाओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान के साथ जारी बातचीत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन ईरानी नेतृत्व का रवैया विरोधाभासी रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरान के सामने अब केवल दो विकल्प हैं– समझौता या उसके परिणामों का सामना करना। उन्होंने कहा कि यदि बातचीत विफल होती है तो अमेरिका सैन्य विकल्प अपनाने से पीछे नहीं हटेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी बयान ट्रंप ने अपने संदेश में होर्मुज जलडमरूमध्य का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि यह सामरिक समुद्री मार्ग अमेरिकी नियंत्रण में है और वहां नौसैनिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में नौवहन से जुड़े प्रतिबंधों और नाकेबंदी जैसे मुद्दे ईरान के व्यवहार पर निर्भर करेंगे। हालांकि, होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और विभिन्न देशों की नौसेनाएं वहां अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत गतिविधियां संचालित करती हैं। ट्रंप के इस दावे पर कोई आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय पुष्टि सामने नहीं आई है। ईरान ने बातचीत से किया इनकार ट्रंप के बयान से पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने एक साक्षात्कार में कहा था कि फिलहाल अमेरिका के साथ किसी नई बातचीत की प्रक्रिया नहीं चल रही है। उन्होंने अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच औपचारिक वार्ता का दावा सही नहीं है। यही विरोधाभासी बयान दोनों देशों के बीच जारी कूटनीतिक अनिश्चितता को और बढ़ाते हैं।

क्षेत्रीय सुरक्षा पर बढ़ी चिंता पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव का असर वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है और यहां किसी भी प्रकार का सैन्य तनाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर प्रभाव डाल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता आगे नहीं बढ़ती या सुरक्षा घटनाएं बढ़ती हैं, तो पूरे खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ सकती है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर दोनों देशों की अगली कूटनीतिक और सैन्य गतिविधियों पर बनी हुई है।



## किसी कंपनी भी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाती है कंटेंट राइटिंग

**हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपनी स्किल्स को बढ़ाकर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।**

आज के दौर में हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल जमकर कर रहा है। वहीं आपने भी देखा होगा कि छोटी-बड़ी कंपनियों के भी सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बने हैं, जिन पर हर रोज कुछ न कुछ अपडेट आता रहता है। सोशल मीडिया एप पर आप कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। आज के समय में कंपनी के यू-ट्यूब अकाउंट, ट्विटर, इंट्राग्राम, टेलीग्राम समेत तमाम पेजों को नियमित तौर पर मैनेज किया जाता है। हालांकि जब पहले सोशल मीडिया का जमाना नहीं था, तब कंपनी की पहचान सीमित हुआ करती थी। लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर में हर कंपनी की अपनी पहचान लोकल से ग्लोबल तक है। इन सबमें कंटेंट राइटिंग का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। दरअसल, कंपनी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने में कंटेंट राइटिंग का रोल महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। इस हिसाब से देखा जाए, तो टीम में कंटेंट राइटर का पद सबसे ज्यादा अहम होता है।

बता दें कि कंटेंट राइटर कंपनी की पहचान, उसके प्रोडक्ट और कंपनी के बारे में जो लिखता है। उसी के आधार पर कंपनी मार्केट में ब्रांड बनकर उभरती है। यदि आप किसी कंपनी के बारे में अच्छे से जानना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे कंपनी द्वारा कंटेंट से तय होता है। इसके अलावा कंपनियां कंपनी के बारे में ई बुक, कंपनियों की वार्षिक विवरण पुस्तिका, प्रोडक्ट का यूजर मैनुअल या दीक्षांत समारोह का न्यूज लेटर आदि सब कंटेंट राइटर की तैयार करते हैं।


वर्तमान समय में तमाम वेबसाइट्स कंटेंट राइटर्स को मोटी पगार पर हायर करती हैं। यही कारण है कि 12वीं और ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थी कंटेंट राइटिंग कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। इसी वजह से लोग इसको एक प्रोफेशन को देख रहे हैं। ऐसे में इस फील्ड में आगे बढ़ने की तमाम संभावनाएं हैं। ऐसे में आप भी कंटेंट राइटिंग का कोर्स कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

### सैलरी

शुरूआत में एक कंटेंट राइटर के तौर पर कंपनी आपको सालान 2-3 लाख रुपए अदा करती हैं। वहीं समय के साथ अनुभव बढ़ने पर कंटेंट राइटर को सालान 4-5 लाख तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है। बता दें कि आमतौर पर एक कंटेंट राइटर को 20 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलती है।

### ऐसे बनाएं कॅरिअर

अगर आप भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो अभ्यर्थी डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में अपना कॅरियर बना सकते हैं। अभ्यर्थी घर बैठकर कई टेक्निकल कोर्सेस के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।



# क्या है एनडीटी इंजीनियरिंग

## बिना मशीन तोड़े ऐसे होती है जांच

**एनडीटी इंजीनियरिंग भारत के लिए काफी नया है. लेकिन विदेशों में इसकी खूब डिमांड है. इसके तहत मशीनों की क्वालिटी और उनकी मजबूती देखी जाती है.**

आज के समय में ट्रेडिशनल इंजीनियरिंग के अलावा भी कई तरह के ब्रांच हैं, जिनमें ग्रोथ और करियर स्कोप है. इन्हीं में से एक है NDT यानी Non-Destructive Testing Engineering. यह ऐसी टेक्निक है, जिसमें किसी मशीन, पाइपलाइन या टूल्स को बिना नुकसान पहुंचाए उसकी क्वालिटी और अंदरूनी खराबियों की जांच की जाती है.

### क्या है एनडीटी इंजीनियरिंग

NDT (Non-Destructive Testing) एक टेस्टिंग टेक्निक है, जिसमें मशीन और टूल्स की मजबूती, दरार, जंग या अन्य अंदरूनी दिक्कतों की जांच की जाती है, लेकिन जांच के दौरान वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचता.

### कैसे काम करती है ये टेक्नोलॉजी

एनडीटी में कई आधुनिक टेस्टिंग टेक्निक्स का इस्तेमाल किया जाता है, जैसे:

- Ultrasonic Testing (UT)
- Radiographic Testing (RT)
- Magnetic Particle Testing (MT)
- Liquid Penetrant Testing (PT)
- Visual Testing (VT)

इन टेक्निक की मदद से मशीनों और धातु के पार्ट्स की क्वालिटी जांची जाती है.

### किन सेक्टर्स में होती है सबसे ज्यादा डिमांड

एनडीटी प्रोफेशनल्स की मांग भारत और विदेश दोनों जगह तेजी से बढ़ रही है. इन सेक्टर में है डिमांड-

- ऑयल और गैस रिफाइनरी
- पाइपलाइन इंडस्ट्री
- थर्मल और न्यूक्लियर पावर प्लांट
- एयरोस्पेस सेक्टर
- ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री
- कंस्ट्रक्शन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर

### कौन कर सकता है यह कोर्स

- मैकेनिकल इंजीनियरिंग में BTech या Diploma
- BSc (Science) छात्र
- टेक्निकल बैकग्राउंड वाले उम्मीदवार

### कहां से करें एनडीटी कोर्स

एनडीटी में मुख्य रूप से Level 1, Level 2 और Level 3 सर्टिफिकेशन होते हैं. भारत में कई संस्थान एनडीटी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन कोर्स कराते हैं. इनमें प्रमुख हैं-
TRINITY NDT, Bengaluru
IMech Institute, Hyderabad
NITS (National Inspection & Testing Services)

### करियर और सैलरी

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ एनडीटी सर्टिफिकेशन करने पर QA/QC (Quality Assurance & Quality Control) विभाग में नौकरी के बेहतर अवसर मिलते हैं. शुरुआती स्तर पर अच्छी सैलरी के साथ अनुभव बढ़ने पर लाखों रुपये प्रति माह तक कमाई की संभावना रहती है.

### विदेशों में भी भारी डिमांड

एनडीटी इंजीनियरिंग की विदेशों में भी काफी मांग है. खासकर Gulf Countries, अमेरिका और यूरोप में ऑयल-गैस, एयरोस्पेस और पावर सेक्टर में ASNT/PCN Certified NDT Professionals को शानदार सैलरी पैकेज मिलते हैं.








# बिना डॉक्टर बने मेडिकल फील्ड में बनाएं शानदार करियर

डेटा और मेडिकल फील्ड में बनाएं शानदार करियर. जानिए पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन हेल्थकेयर एनालिटिक्स कोर्स क्या है. जानें इस कोर्स को करने के बाद क्या करियर स्कोप है.

आज के समय में हेल्थकेयर सिर्फ डॉक्टरों और दवाइयों तक सीमित नहीं रह गया है. अब इसमें टेक्नोलॉजी और डेटा का यूज बहुत तेजी से बढ़ रहा है. हॉस्पिटल, रिसर्च लैब्स और फार्मा कंपनियां हर दिन मरीजों का भारी मात्रा में डेटा इकट्ठा करती हैं. इस डेटा को समझकर मरीजों के इलाज को बेहतर बनाना और अस्पतालों के काम को आसान करना ही हेल्थकेयर एनालिटिक्स कहलाता है. अगर आप मेडिकल, आईटी, या मैनेजमेंट फील्ड से हैं और इस उभरते हुए क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो हेल्थकेयर एनालिटिक्स में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा आपके लिए एक बेहतरीन कोर्स हो सकता है.

### हेल्थकेयर एनालिटिक्स

यह एक साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स होता है, जिसे खासतौर पर हेल्थकेयर और डेटा साइंस को मिलाकर तैयार किया गया है. इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मेडिकल क्षेत्र से जुड़े डेटा (जैसे मरीजों का रिकॉर्ड, बीमारियों के आंकड़े, और अस्पताल का खर्च) का एनालिसिस कैसे किया जाए. इस कोर्स को करने के बाद आप डेटा की मदद से डॉक्टरों और अस्पतालों को यह बताने में मदद करते हैं कि किस बीमारी का इलाज कैसे बेहतर हो सकता है और हॉस्पिटल का मैनेजमेंट कैसे सुधारा जा सकता है.

### कौन कर सकता है यह कोर्स

इस कोर्स की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें अलग-अलग बैकग्राउंड के छात्र आ सकते हैं. अगर आपने नीचे दी गई किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन पूरी की है, तो आप इसके लिए योग्य हैं:

**लाइफ साइंसेज और मेडिकल:** MBBS, BDS, BPharma, नर्सिंग, या BSc (बायो/लाइफ साइंसेज) के छात्र.

**टेक्नोलॉजी और मैथ्स:** BTech, BCA, BSc (कंप्यूटर साइंस, स्टैटिस्टिक्स, या मैथ्स) के छात्र.

**मैनेजमेंट:** BBA या हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के छात्र जिन्हें डेटा में रुचि हो. आमतौर पर इस कोर्स में एडमिशन के लिए ग्रेजुएशन में कम से कम 50% मार्क्स होना जरूरी होता है. कई इंस्टीट्यूट इसके लिए सीधा एडमिशन देते हैं, तो कुछ इंटरव्यू के आधार पर चुनते हैं.

### सैलरी और फ्यूचर स्कोप

शुरुआती तौर पर इस कोर्स को पूरा करने के बाद एक फ्रेशर को सालाना 4 लाख से 7 लाख रुपये तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है. जैसे-जैसे आपका अनुभव और डेटा टूल्स पर आपकी पकड़ बढ़ती है, यह सैलरी सालाना 12 से 15 लाख रुपये या उससे भी ज्यादा हो सकती है.

### करियर के मौके: कहां मिलेगी नौकरी

हेल्थकेयर एनालिटिक्स का मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए इस कोर्स को करने के बाद नौकरियों की कोई कमी नहीं है.

**बड़े कॉर्पोरेट अस्पताल:** अपोलो, फोर्टिस, मैक्स जैसे हॉस्पिटल्स में यहां आप मरीजों के डेटा और अस्पताल के ऑपरेशन को बेहतर बनाने का काम करते हैं.

**फार्मास्युटिकल और ड्रग कंपनियां:** दवाओं के असर और उनके क्लिनिकल ट्रायल के डेटा को एनालाइज करने के लिए.

**हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां:** क्लेम के डेटा को समझने और फ्रॉड (धोखाधड़ी) को रोकने के लिए एनालिस्ट की जरूरत होती है.

**आईटी और टेक कंपनियां:** TCS, Cognizant, Accenture जैसे हेल्थ सेक्टर के लिए सॉफ्टवेयर और ऐप्स बनाती हैं.



**राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं।ऐसे में इन धरोहरों को सहेजना, उनका संरक्षण करना जरूरी हो जाता है। यही जिम्मेदारी संभालते हैं कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, जो स्मारकों, किलों, महलों, मंदिरों के अलावा बेशकीमती पांडुलिपियों, मूर्तियों, सिक्कों या वॉल पेंटिंग्स जैसे म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स को सहेजकर रखते हैं।**

# हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स कर संवारें करियर

भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधता बेमिसाल मानी जाती है। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं। अगर आपको भी ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में दिलचस्पी है, तो म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद इस उभरते हुए क्षेत्र में करियर संवार सकते हैं।

### जॉब स्कॉप

यूनेस्को की ओर से देश की 32 धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा मिला हुआ है। ये सभी देश के कल्चरल टूरिज्म के बड़े गंतव्य हैं लेकिन बेतरतीब शहरीकरण व व्यवसायीकरण से इन धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इनके रखरखाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जो सिर्फ प्रशिक्षित और हुनरमंद हेरिटेज कंजर्वेटर ही कर सकते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हेरिटेज कंजर्वेटर, आर्ट रिस्टोरर और म्यूजियोलॉजिस्ट जैसे पेशे का महत्व काफी बढ़ गया है। संग्रहालयों का भी सामाजिक और शैक्षणिक महत्व दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। देश में आर्ट म्यूजियम, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम, वैक्स म्यूजियम, विज्ञान/ तकनीक/ मैरिटाइम म्यूजियम तथा मिलेट्री व वॉर म्यूजियम के रूप में कई तरह के म्यूजियम्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें हेरिटेज एक्सपर्ट्स की अच्छी डिमांड है।

### करियर के अवसर

भारत में हेरिटेज मैनेजमेंट सेक्टर भले ही अभी नया है लेकिन इसमें जॉब के अवसर कम नहीं हैं। म्यूजियोलॉजी और हेरिटेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए टीचिंग और रिसर्च वर्क के अलावा नेशनल/ स्टेट म्यूजियम्स, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम्स, आर्ट गैलरीज, कंजर्वेशन लैब्स, लाइब्रेरी, आर्काइव्स, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, पर्यटन विभाग तथा एनजीओ में जॉब के ढेर सारे मौके हैं। ऐसे जानकारों की सेवाएं विदेश मंत्रालय की हिस्टोरियन डिविजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि में भी ली जाती हैं। यूनेस्को और यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट के विद्यार्थी वर्तमान में बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज तथा म्यूजियम्स में कंजर्वेटर, हेरिटेज मैनेजर, क्यूरेटर, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, रिसर्च एसोसिएट या आर्ट कंसल्टेंट जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

### वर्क प्रोफाइल

म्यूजियोलॉजी यानी म्यूजियम से जुड़ा विज्ञान। इस कोर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से म्यूजियम के प्रशासन तथा मैनेजमेंट से जुड़े पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। पाठ्यक्रम के रूप में संग्रहालय विस्थापन, वैज्ञानिक/ कलात्मक/ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं की देखभाल/ संरक्षण, कलाओं का प्रस्तुतिकरण, म्यूजियम कलेक्शन, डिजाइनिंग तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि विषयों की जानकारी दी जाती है, जबकि हेरिटेज कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट कोर्स एक इंटर-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड कोर्स है। इसके अध्ययन का दायरा दो हिस्सों में बंटा है- हेरिटेज कंजर्वेशन तथा हेरिटेज मैनेजमेंट। हेरिटेज कंजर्वेशन एक टेक्निकल फील्ड है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिले म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स यानी दुर्लभ पांडुलिपियों, मूर्तियों, पुराने सिक्कों या प्राचीन कलाकृतियों को नष्ट होने से बचाने की जानकारी दी जाती है। वहीं, हेरिटेज मैनेजमेंट पूरी तरह से एडमिनिस्ट्रेटिव व आर्किटेक्चरल फील्ड है, जिसमें स्मारकों के प्रबंधन, रखरखाव व साजसज्जा की जानकारी दी जाती है।

### पर्सनल स्किल

हेरिटेज कंजर्वेशन बिल्कुल अलग तरह का कोर्स है। इसलिए इस क्षेत्र में वे ही युवा आएं, जिन्हें इतिहास, कला या सांस्कृतिक चीजों में रुचि हो क्योंकि बगैर रुचि और समर्पण के इस क्षेत्र में तरक्की कर पाना मुश्किल है। यदि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं, तो आर्किटेक्चरल स्किल, टेक्निकल स्किल के अलावा आपमें प्रशासनिक क्षमता, अच्छी ऑबजर्वेशन स्किल और विश्लेषण की दक्षता भी होनी चाहिए।

# श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया, साई सुदर्शन अभी भी सीओई में

एजेंसी, बंगलूरू।



भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में टीम इंडिया मंगलवार को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गई। हालांकि, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साई सुदर्शन अभी टीम के साथ नहीं गए हैं। वह पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं और फिलहाल बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मेडिकल स्टाफ की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं।

### नेट्स में शुरू की बल्लेबाजी, जल्द होगा फिटनेस टेस्ट

सूत्रों के मुताबिक, सुदर्शन रोजाना एक घंटे से अधिक समय तक नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनकी रिकवरी पर लगातार नजर रखी जा रही है और अगले तीन से चार दिनों में उनकी फिटनेस का दोबारा आकलन किया जाएगा। इसके बाद ही तय होगा कि वह श्रीलंका जाकर टीम से जुड़ पाएंगे या नहीं।

### जल्दबाजी नहीं करना चाहता बीसीसीआई

बीसीसीआई मेडिकल टीम सुदर्शन की वापसी को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। बोर्ड का मानना है कि खिलाड़ी को पूरी तरह फिट होने के बाद ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटना चाहिए। हाल के दिनों में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जल्द वापसी के बाद दोबारा चोटिल होने का मामला सामने आया था, इसलिए सुदर्शन के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

### इंडिया-ए दौरे पर लगी थी चोट

साई सुदर्शन को हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे के दौरान पैर की अंगुली में चोट लगी थी। हालांकि अब उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जिससे मेडिकल स्टाफ को उम्मीद है कि वह जल्द टीम से जुड़ सकते हैं।

### सात अगस्त से अभ्यास मैच, 15 से पहला टेस्ट

भारतीय टीम सात अगस्त से कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 15 अगस्त से गॉल में पहला टेस्ट खेलेगी, जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। यदि सुदर्शन फिट घोषित होते हैं, तो उनके दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है।

10वीं यूपी स्टेट योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2026

# बालक/बालिका लायन सफारी पार्क चैम्पियनशिप इटावा में सात से नौ अगस्त तक

**आगरा।** 10वीं स्टेट योग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2026 (बालक/बालिका) इटावा लायन सफारी पार्क में 7 से 10 अगस्त 2026 में उ०प्र० योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रहीं हैं। इस चैम्पियनशिप में प्रदेश के 18-19 जनपदों के लगभग 300 बच्चे (बालक / बालिका) प्रतिभाग करेंगे। इस चैम्पियनशिप में लखनऊ, मथुरा, आगरा, फरूर्खाबाद, फैजाबाद, बलिया, अलीगढ़, इटावा, बुलन्दशहर, उन्नाव, कानपुर, अमरोहा, बस्ती, झांसी, मुरादाबाद, वाराणसी, सहारनपुर, हरदोई तथा प्रयागराज की टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह चैम्पियनशिप तीन दिवसीय होगी।

इस चैम्पियनशिप के टेक्निकल चेयरमैन डॉ० मुकेश राय होंगे। यह चैम्पियनशिप निम्न वर्गों में आयोजित की जायेगी :-

| | पुरुष |
|---|---|
| ग्रुप-1 | मिनी (8 से 12 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-2 | सब जूनियर (12 से 14 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-3 | जूनियर (14 से 18 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-4 | सीनियर (18 से 35 वर्ष से ऊपर) |
| | **महिला** |
| ग्रुप-1 | मिनी (8 से 12 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-2 | सब जूनियर (12 से 14 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-3 | जूनियर (14 से 18 वर्ष से ऊपर) |
| ग्रुप-4 | सीनियर (18 से 35 वर्ष से ऊपर) |

चैम्पियनशिप का शुभारंभ/उद्घाटन 7 अगस्त 2026 को सायं 04 बजे होना। चैम्पियनशिप के प्रारम्भिक मैच 07 अगस्त को सायं 05 से 07:30 बजे तक होंगे। 08 अगस्त 2026 पूरे दिन प्रातः 08 बजे चैम्पियनशिप से शेष मैच खेले जायेंगे। 09 अगस्त 2026 को प्रातः 09 बजे से 11:00 बजे तक सभी कैटेगरी के फाइनल मैचेज होंगे। 09 अगस्त 2026 को ही पूर्वान्ह 11:00 बजे से समापन व पुरस्कार वितरण समारोह।

# सेना के जांबाजों ने रचा इतिहास

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय सेना का स्वर्णिम प्रदर्शन!

अनु प्रिया

आगरा। यह बेहद गर्व और हर्ष का विषय है कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2026 (CWG 2026) में भारतीय सेना (Indian Army) के वीर खिलाड़ियों ने देश का मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है। सेना के केवल 20 खिलाड़ियों के दल ने प्रतियोगिता में उतरकर कुल 16 पदक अपने नाम किए हैं। इसका सीधा मतलब है कि सेना के 80% खिलाड़ियों ने पदक जीतकर शत-प्रतिशत सफलता की एक नई मिसाल पेश की है।

इतना ही नहीं, भारत के कुल 39 पदकों में से 41% पदक अकेले हमारी सेना के वीरों ने जीते हैं। आइए जानते हैं हमारे इन राष्ट्रनायकों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में:

### सेना का कुल मेडल टैली

सेना के वीरों ने कुल 16 पदक जीतकर देश की झोली में डाले हैं:
स्वर्ण (गोल्ड) : 08
रजत (सिल्वर) : 07
कांस्य (ब्रांज) : 01


### स्वर्ण पदक विजेता (सीडब्ल्यूसी चैंपियंस)

मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) से लेकर जूडो और पैरा-एथलेटिक्स में सेना के इन रणबांकुरों ने सोने पर कब्जा किया:
हवलदार हर्ष- जूडो (60 किग्रा)
नायब सूबेदार प्रीति- बॉक्सिंग (54 किग्रा)
नायब सूबेदार जैस्मिन- बॉक्सिंग (57 किग्रा)
सूबेदार सोमन राणा- पैरा-शॉटपुट (गेविगस्टूट)
हवलदार साक्षी- बॉक्सिंग (51 किग्रा)
हवलदार अरुंधति- बॉक्सिंग (70 किग्रा)
हवलदार सचिन- बॉक्सिंग (60 किग्रा)
हवलदार अंकुश- बॉक्सिंग (80 किग्रा)


रजत और कांस्य पदक विजेता
नायब सूबेदार सर्वेश कुशारे- हाई जंप (रजत)
नायब सूबेदार गुलवीर सिंह- 10,000 मीटर दौड़ (रजत) एवं 5,000 मीटर दौड़ (कांस्य)
हवलदार अजय बाबू झ्र वेटलिफ्टिंग (रजत)
लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा- जेवलिन थ्रो (रजत)
हवलदार जदुमनी- बॉक्सिंग (रजत)
लेंस नायक शुभम जुयाल- पैरा-शॉटपुट (रजत)
सूबेदार नरेंद्र- बॉक्सिंग (+90 किग्रा) (रजत)

### इतिहास के पन्नों में दर्ज हुए नए रिकॉर्ड्स

इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स में सेना के खिलाड़ियों ने कई ॽपहली बारॽ होने वाले अद्भुत रिकॉर्ड बनाए हैं:
**हाई जंप में पहला सिल्वर:** नायब सूबेदार सर्वेश कुशारे ने हाई जंप में राष्ट्रमंडल खेलों का भारत के लिए पहला रजत पदक जीता।
**एक ही एथलेटिक्स में दो मेडल:** नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने लंबी दूरी की दौड़ (10,000 मीटर में सिल्वर और 5,000 मीटर में ब्रॉन्ज) में दो पदक जीतकर नया इतिहास रचा।
**400 मीटर दौड़ में गौरव:** सूबेदार संतोष टी और हवलदार यशस राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में 400 मीटर स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले पहले एथलीट बने।
जूडो में पहला गोल्ड: हवलदार हर्ष (60 किग्रा) ने जूडो स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया।
**पैरा-शॉटपुट में दबदबा:** सूबेदार सोमन राणा और लेंस नायक शुभम जुयाल ने भारत को पैरा-शॉटपुट में पहली बार पदक (स्वर्ण और रजत) दिलाकर गौरवान्वित किया।
वेटलिफ्टिंग में नया कीर्तिमान: हवलदार अजय बाबू ने 79 किग्रा वर्ग के 'स्नैच' राउंड में 149 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड बनाया। उनका कुल वजन 330 किग्रा रहा।
**बॉक्सिंग में ऐतिहासिक प्रदर्शन:** भारतीय सेना के मुक्केबाजों ने इस बार कुल 7 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते। यह कॉमनवेल्थ खेलों के इतिहास (1934 और 2018 के 6 स्वर्ण पदकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए) में अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ बॉक्सिंग प्रदर्शन है।
देश की सीमाओं की रक्षा करने के साथ-साथ खेल के मैदान में तिरंगे का मान बढ़ाने वाले हमारे भारतीय सेना के सभी जाँबाज खिलाड़ियों को पूरे देश की तरफ से हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएं! आपकी इस ऐतिहासिक सफलता पर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है।



# मनोरंजन



# 'मुझे लगा था किसी को पता नहीं चलेगा'; रश्मिका मंदाना ने साझा किया हेल्थ अपडेट



रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'मैसा' के सेट पर बीते दिनों घायल हो गईं। यह खबर जैसे ही सामने आई, अभिनेत्री के फैंस चिंतित हो उठे। आज सोमवार को खुद रश्मिका ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी हेल्थ पर अपडेट साझा करते हुए बताया कि चोट लगी कैसे? उन्होंने बताया कि ऐसा लगातार तीसरी बार हुआ है, जब उन्हें चोट लगी है।

### बोलीं- 'मुझे समझना होगा कि मैं मशीन नहीं हूं'

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी एक तस्वीर साझा की है और लंबा नोट लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है, 'हैलो दोस्तों! चोट लगना बहुत बुरा होता है और मुझे सच में उम्मीद थी कि किसी को पता नहीं चलेगा। पर खैर..., माफ करना कि मैं गायब थी, लेकिन अब मैं वापस आ गई हूं। यह कुछ समय पहले हुआ था और यह मेरी लगातार तीसरी चोट है। मुझे यह सीख लेना चाहिए कि अपने शरीर को एक इंसान के शरीर की तरह समझूं, न कि किसी मशीन की तरह'।

### कहां लगी है अभिनेत्री को चोट?

रश्मिका मंदाना ने आगे लिखा है, 'अब मुझे समझ नहीं आ रहा कि चोट को लेकर असल में कैसे समझाऊं? (बायोलॉजी टीचर को आने देते हैं)। दरअसल, कूल्हे (ह्रत्र) के दोनों तरफ चार टेंडन होते हैं, जो कूल्हे को पैर से जोड़ते हैं। चोट लगने से मेरे दाहिने कूल्हे का एक टेंडन अलग हो गया था। उसे वापस जुड़ना होगा, ताकि मैं अपना पैर उठा सकूं और बाकी चीजें कर सकूं। यह चोट मुझे फिल्म 'ट८२' के लिए मेरे डांस शूट के दौरान लगी। यह पक्का अब तक का मेरा सबसे जबर्दस्त डांस वाला काम था'।

### बोलीं- 'जबर्दस्ती छुट्टी लेनी पड़ी'

रश्मिका ने आगे लिखा है, 'लेकिन चिंता मत करिए। दर्द तो है पर ऐसा नहीं कि सहा न जा सके... तो बस यही बात है... और मुझे लगता है कि भगवान कह रहे हैं कि अगर तुम पर छोड़ दिया जाए तो तुम कभी ब्रेक नहीं लोगी, इसलिए लो... मैं तुम्हारे लिए यह कर देता हूं। आपको पता है, ये सारी चोटें एकदम अचानक लगीं। ये सब अजीबो-गरीब हादसे थे। क्या ही इत्तेफाक है। जबर्दस्ती की छुट्टी। हालांकि, मैं कोई शिकायत नहीं कर रही। मैं बहुत सारे पजल सॉल्व कर रही हूं। मुझे पता ही नहीं था कि मैं इसमें इतनी अच्छी हूं।

### रश्मिका मंदाना को सताई किस बात की चिंता?

रश्मिका को चोट लगने के बाद चिंता भी सता रही है कि कहीं उनका वजन न बढ़ जाए। उन्होंने लिखा है, 'वजन न बढ़ने देने की पूरी कोशिश कर रही हूं, क्योंकि मैं बहुत जोरदार वर्कआउट और रनिंग करती हूं, जिससे मैं अच्छी शेप में रहती हूं। अब मैं कुछ समय तक वर्कआउट या रनिंग नहीं कर पाऊंगी। अगर मैं वर्कआउट नहीं कर पाऊंगी तो क्या करूंगी? मैं खाऊंगी और डेजर्ट मॉन्स्टर बन जाऊंगी... तो बस। खैर, बस इतना ही... और क्या छूट गया... कुछ नहीं न... अगर कुछ हुआ तो जल्द ही बताऊंगी। आप सभी चिंता मत करना, ठीक है। आप सभी को ढेर सारा प्यार'।



# रकुल प्रीत सिंह ने क्यों चुना शूर्पणखा का किरदार?

फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर कुछ दिन पहले रिलीज हुआ और आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में नजर आए, वहीं साई पल्लवी सीता के किरदार में दिखीं।

फिल्म के भव्य सेट और किरदारों के लुक को लेकर इंटरनेट पर खूब चर्चा हुई। लेकिन जिस एक झलक ने सबको सबसे ज्यादा चौंकाया, वो थी रकुल प्रीत सिंह का शूर्पणखा वाला किरदार। उनके लुक और परफॉर्मेंस को लोगों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला।

### रकुल ने फैन के लेटर का दिया जवाब

हाल ही में एक फैन ने रकुल के लिए एक ओपन लेटर लिखा, जिसमें उन्हें दिवाली पर रिलीज हो रही फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। फैन ने यह भी पूछा कि आखिर उन्होंने 'गलत समझे जाने वाले' किरदार शूर्पणखा को क्यों चुना।

यह लेटर रकुल तक पहुंचा और उन्होंने इसे अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, ''इस खूबसूरत लेटर के लिए धन्यवाद। आपने जो बात कही, वही वजह थी कि मैंने शूर्पणखा का रोल चुना- उसकी जटिलता।

इतिहास उसे अक्सर सिर्फ एक पल के लिए याद करता है, लेकिन उसकी कहानी उससे कहीं ज्यादा है। एक एक्टर के तौर पर ऐसे किरदार, जो लोगों की सोच को चुनौती दें, सबसे ज्यादा दिलचस्प होते हैं। उम्मीद है कि जब 'रामायण' आएगी, तो दर्शक उसे खुले मन से देखेंगे।''

### कब रिलीज होगी फिल्म 'रामायण'?

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी 'रामायण' दो भाग में रिलीज होगी। इसके पहले भाग का ट्रेलर बीते 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था पर इसे टाल दिया गया। फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल, रवि दुबे और यश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# 10 साल बाद लीड हीरो बनकर लौटेंगे इमरान खान, साझा की जानकारी

अभिनेता इमरान खान ने काफी वक्त से स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। मगर अब वह बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक बातचीत के दैरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से जुड़ी जानकारी साझा की।



### पूरी हो चुकी है फिल्म की शूटिंग

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इमरान खान ने अपनी अगली फिल्म के बारे में काफी कुछ बताया। हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इमरान ने कहा, ''मेरी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इस साल के अंत तक इसके रिलीज होने की उम्मीद है। यह एक एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो मेरे जीवन के मौजूदा हालात दर्शाती है।''

### 'अधूरे हम अधूरे तुम' पर क्या बोले इमरान?

इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'कट्टी बट्टी' में बतौर लीड हीरो नजर आए थे। अब वे सीधे फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' में लीड रोल प्ले करेंगे। फिल्म के बारे में आगे एक्टर ने कहा, ''मैंने अभी-अभी एक बेहद प्रतिभाशाली युवा अभिनेत्री, गुरफतेह पीरजादा के साथ काम किया है। दरअसल, यह वो फिल्म है जिसे मुझे 10 साल बाद बनाना ही था।'' बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है।

### इमरान खान का वर्कफ्रंट

इमरान खान ने 2008 में रिलीज हुई 'जाने तू या जानें ना' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स आफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी। इसके बाद इमरान ने 'लक', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'देल्ही बेली' और 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' जैसी कई हिट फिल्में दी थीं।

इस साल जनवरी में इमरान ने अपने मामा आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'हैप्पी पटेल खतरनाक जासूस' में कैमियो किया था।

# मृणाल का डांस वीडियो फिर हुआ वायरल



मृणाल ठाकुर अक्सर फिल्मों में अपनी एक्टिंग के लिए चर्चाओं में रहती हैं। लेकिन अब उनका एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस अपनी दोस्त की शादी में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं।

### मृणाल की दोस्त ने शेयर किया वीडियो

यह वायरल वीडियो फ्रेंडशिप डे के मौके पर उनकी दोस्त विदुषी पराशर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसके बाद मृणाल ने भी इसे रीपोस्ट किया। देखते ही देखते यह क्लिप तेजी से वायरल हो गई। वीडियो में मृणाल, दिलजीत दोसांझ के हिट गाने 'लवर' पर डांस करती नजर आ रही हैं। उन्होंने साड़ी पहनी हुई है और अपनी दोस्त विदुषी के साथ रेड और ऑरेंज शेड्स में ट्विनिंग करती दिख रही हैं। दोनों की जोड़ी और उनकी एनर्जी लोगों को खूब पसंद आ रही है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और फैंस मृणाल के डांस और उनकी एनर्जी की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### इन फिल्मों में नजर आएंगी मृणाल

मृणाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी पोस्ट्स अक्सर वायरल होती हैं। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' में नजर आ सकती हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, वह कुछ तेलुगु फिल्मों के लिए भी चर्चा में थीं, लेकिन वे प्रोजेक्ट्स आगे नहीं बढ़ पाए। मृणाल आखिरी बार अदिवी शेष की फिल्म 'डाकू' में दिखी थीं, जिसे मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला था। वहीं उनकी हिंदी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।